दैनिक हिन्दी अख़बार
# सच बेधड़क
www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak
YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak



# छोटी काशी में गणगौर और ईद उल फितर का उल्लास



**जयपुर।** प्रदेशभर में गुरुवार को ईद उल फितर और गणगौर का त्योहार पूरे उल्लास के साथ मनाया गया। मुस्लिम धर्मावलंबियों ने जहां नमाज अदा कर अमन चैन की दुआएं मांगी, वहीं हिंदू समाज के लोगों ने नमाज पढ़ रहे मुस्लिम भाइयों पर फूल बरसा कर ईद की बधाई दी। शाम को गणगौर माता की सवारी निकाली गई। चांदी की पालकी में सवार ईसर गणगौर का बारिश की बूंदों ने स्वागत किया। जनानी ड्योढ़ी से निकली गणगौर की सवारी की त्रिपोलिया गेट पर जयपुर पूर्व राजपरिवार के पद्मनाभ सिंह ने पूजा-अर्चना की। इसके बाद गणगौर माता नगर भ्रमण के लिए निकलीं। ■ पेज 3 भी देखें फोटो: पंकज शर्मा

## जरूरी खबर

### हरियाणा... स्कूल बस पलटी, 6 बच्चों की मौत



**महेंद्रगढ़।** हरियाणा के महेंद्रगढ़ के कनीना कस्बे में गुरुवार को एक स्कूल बस के अनियंत्रित होकर पलट जाने से बड़ा हादसा हो गया है। हादसे में 6 स्कूली बच्चों की मौत हो गई थी, जबकि एक दर्जन से ज्यादा बच्चे घायल हो गए हैं। जानकारी के मुताबिक यह हादसा कनीबा कस्बे के नजदीक कनीना-दादरी सड़क मार्ग पर हुआ है। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और बच्चों को अस्पताल पहुंचाया। पुलिस ने क्रेन की मदद से बस को सीधा करवाया। हादसे के समय बस में 40 बच्चे सवार थे। जानकारी के अनुसार ईद की वजह से गुरुवार को स्कूल की छुट्टी थी। बावजूद इसके स्कूल प्रबंधन ने सभी बच्चों को कक्षाओं के लिए बुलाया था। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि बस चालक ओवरटेक करने का प्रयास कर रहा था। इस दौरान वो बस से अपना नियंत्रण खो बैठा। वहीं कुछ लोगों का यह भी कहना है कि बस चालक नशे की हालत में था। स्कूल के बच्चों ने भी इसकी पुष्टि की। कहा कि ड्राइवर अंकल नशे में थे और 120 की स्पीड पर गाड़ी चला रहे थे, जिस वजह से हादसा हो गया।

## करौली में प्रधानमंत्री ने बोला विपक्ष पर हमला, कहा...

# 'भ्रष्टाचारी जाएंगे जेल यह मोदी की गारंटी'

**बेधड़क** | करौली

करौली में जनसभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को कांग्रेस पर जमकर प्रहार किए। लोकसभा चुनाव में करौली धौलपुर सीट पर बीजेपी प्रत्याशी इंदु देवी जाटव के समर्थन में आयोजित इस सभा में जुटी भीड़ को देखते हुए पीएम मोदी ने 4 जून के नतीजों की बात कह दी। उन्होंने कहा कि करौली की सभा बता रही है कि 4 जून को 400 पार। अपने संबोधन में मोदी ने राजस्थान में पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार में तुष्टिकरण की बात कहते हुए इसे 'कांग्रेस का महापाप' करार दिया। विपक्ष पर हमला बोलते हुए पीएम मोदी ने कहा कि भ्रष्टाचारियों को जेल जाना होगा और वह किसी भी धमकी से डरेंगे नहीं। यह मोदी की गारंटी है।



### भ्रष्टाचार में डूबी कांग्रेस

पीएम मोदी ने कहा कि भाई-भतीजावाद और भ्रष्टाचार में डूबी कांग्रेस लोगों की मजबूरियों में मुनाफा तलाशती है। उन्होंने कहा कि इसने युवाओं के लिए नौकरियों में भी लूट के अवसर ढूंढे और प्रदेश की पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के संरक्षण में पेपर लीक उद्योग पनपा था। मोदी ने कहा कि उनके जीवन का हर पल देश के लिए समर्पित है। कांग्रेस की उपेक्षा के कारण देश के आदिवासियों, दलित और महिलाओं की कई पीढ़ी तकलीफों के साथ गुजर गई, लेकिन मोदी एक गरीब का बेटा है। उसका हर पल जनता और देश के नाम है।

### चुनाव केवल सांसद चुनने का नहीं...

पीएम मोदी ने कहा कि यह चुनाव केवल इतना भर नहीं है कि कौन सांसद बनेगा और कौन नहीं बनेगा। वर्ष 2024 का लोकसभा चुनाव विकसित भारत के संकल्प को नई ऊर्जा देने वाला चुनाव है। पिछले दस साल में बीजेपी ने उन समस्याओं के समाधान निकाले जिन समस्याओं के आगे कांग्रेस ने हाथ खड़े कर दिए थे। पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस ने सिर्फ गरीबी हटाओ का नारा दिया, जबकि मोदी ने सिर्फ दस साल में 25 करोड़ देशवासियों को गरीबी की रेखा से बाहर निकाला।

### विकसित भारत का सपना होगा पूरा

पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस ने 60 साल तक इस देश पर शासन किया, लेकिन देश की तकलीफों को नहीं समझा। कांग्रेस की वजह से कई पीढ़ियों की जिंदगी तकलीफों में गुजर गई, लेकिन गरीब का बेटा 10 साल से देश का प्रधान सेवक है तो गरीबों को परेशानियों से मुक्ति मिली है। उन्होंने कहा कि उनके जीवन का हर पल देश के नाम है। उन्हें 2047 तक 24 गुणा 7 घंटे कार्य करना है। तब जाकर विकसित भारत का सपना पूरा होगा।

### दौसा में मोदी का रोड शो आज

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार को दौसा में भाजपा प्रत्याशी कन्हैया लाल मीणा के समर्थन में रोड शो करेंगे। इसे प्रशासन अलर्ट मोड पर है. वहीं, रोड शो के दौरान लोगों को आवागमन में किसी प्रकार की दिक्कत न हो, इसके लिए वाहनों का रूट बदला गया है। शुक्रवार को पीएम के रोड शो के चलते दौसा शहर में वाहनों का प्रवेश पूरी तरह से वर्जित रहेगा। पीएम के रोड शो को देखते हुए दौसा एसपी रंजिता शर्मा ने जिला यातायात पुलिस को रूट डायवर्ट करने के निर्देश दिए।

## राहुल गांधी ने अनूपगढ़ और फलौदी में चुनावी सभा को किया संबोधित, कहा...

# गरीबी होगी खत्म...महिला के खाते में आएंगे 1 लाख रुपए

- कांग्रेस की सरकार बनी तो देश में ठेका प्रथा को कर देंगे बंद
- राहुल गांधी ने किया किसानों का कर्जा माफ करने का वादा किया

**बेधड़क** | जयपुर

लोकसभा चुनाव के मद्देनजर देश का सियासी पारा हाई है। जनसभाओं और आरोप-प्रत्यारोप का दौर जारी है। इस कड़ी में कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने गुरुवार को अनूपगढ़ और फलौदी में प्रत्याशी के समर्थन में जनसभा को संबोधित किया। सभा को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार पर जमकर आरोप लगाए। साथ ही कांग्रेस की सरकार बनने पर जनता के लिए कांग्रेस के वादों को याद दिलाया। उन्होंने कांग्रेस के घोषणापत्र की बड़ी बातों का जिक्र करते हुए कहा कि कांग्रेस की सरकार बनने पर हर गरीब महिला के खाते में सालाना एक लाख रुपए जमा कराए जाएंगे।

उन्होंने कहा कि प्रत्येक गरीब परिवारों की एक महिला के खाते में तब तक 1 लाख रुपए डाले जाएंगे, जब तक वह परिवार गरीबी रेखा से बाहर नहीं आ जाता। राहुल गांधी ने कहा कि पैसा खटाखट आता रहेगा और एक झटके में हम हिंदुस्तान से गरीबी को मिटा देंगे। राहुल गांधी के साथ पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा, प्रदेश प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा समेत कई कांग्रेसी नेता मौजूद रहे।



### सरकार में ठेका प्रथा बंद करेंगे

राहुल ने कहा कि कांग्रेस की सरकार बनी तो देश में ठेका प्रथा को बंद कर देंगे। यानी अभी तक जो कार्य सरकार में कॉन्ट्रैक्ट पर ठेकेदारों के जरिए करवाया जाता है। वह काम करने के लिए परमानेंट कर्मचारियों की भर्ती करेंगे। उनसे कार्य करवाएंगे और उसका भविष्य भी सुरक्षित रखेंगे। राहुल गांधी ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार ने तो बड़े बड़े उद्योगपतियों का 16 लाख करोड़ रुपए का कर्जा माफ किया। हम किसानों का कर्जा माफ करेंगे। जितना पैसा मोदी सरकार ने अरबपतियों को दिया, उतना पैसा हम गरीबों को देंगे।

### कांग्रेस अग्निवीर योजना बंद करेगी

राहुल गांधी ने कहा कि हर राज्य के युवा आर्मी में जाते हैं लेकिन मोदी ने अग्निवीर योजना लागू करके युवाओं का भविष्य संकट में डाल दिया। आर्मी चाहती ही नहीं थी कि अग्निवीर योजना लागू हो, लेकिन पीएम ने अपने ऑफिस से इस योजना को लागू कर दिया। पहले सेना के जवानों को आर्मी यह गारंटी देती थी कि अगर आपको कुछ होगा तो आपकी देखभाल सरकार करेगी। अगर शहीद हो गए तो शहीद का दर्जा, पेंशन, परिवारजनों को पेंशन और कैंटीन की सुविधा दी जाती थी लेकिन अग्निवीर ने यह सब खत्म कर दिया। राहुल बोले कि कांग्रेस की सरकार बनने पर इस योजना को रद्द करेंगे।

### जातीय जनगणना होगा पहला काम

राहुल गांधी ने कहा कि अभी तक लोगों को पता ही नहीं है कि देश में पिछड़ों, दलितों, आदिवासियों, मुस्लिमों और गरीबों की आबादी कितनी है। कांग्रेस की सरकार बनते ही पहला का जातीय जनगणना का कराएंगे ताकि पता चले कि देश में किसकी आबादी कितनी है। यह पता लगाएंगे कि देश का कितना धन किन लोगों के हाथ में है। जातीय जनगणना से सब पता चल जाएगा कि देश में दलितों, पिछड़ों और गरीबों की कितनी भागीदारी है।

## अब रोहन गुप्ता BJP में शामिल



**एजेंसी** | नई दिल्ली

कांग्रेस के प्रवक्ता रहे रोहन गुप्ता गुरुवार को भाजपा में शामिल हो गए। बीजेपी की सदस्यता लेने के बाद रोहन ने कहा कि मैंने अपने आत्मसम्मान के लिए कांग्रेस का साथ छोड़ा है। वहां मुझे हर रोज अपमानित किया जाता था। खास बात है कि कांग्रेस ने उन्हें गुजरात से लोकसभा चुनाव में उम्मीदवार बनाया था, लेकिन उन्होंने टिकट लौटा दिया था। दरअसल, कांग्रेस ने रोहन गुप्ता को गुजरात की अहमदाबाद उत्तर सीट से टिकट दिया था। रोहन ने कांग्रेस का टिकट यह कहकर ठुकरा दिया था कि उनके पिता नहीं चाहते हैं कि वो कांग्रेस से चुनाव लड़ें और पिताजी की जिद पर वो झुक गए हैं।

सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
अख़बार की प्रति प्राप्त करने के लिए
+91 96640 14179
+91 97830 45155
पर सम्पर्क कर अपना पता नोट करवाएं।

## नई तबादला नीति

# 3 साल से पहले नहीं होगा ट्रांसफर, 2 वर्ष गांव में करनी होगी नौकरी

**बेधड़क** | जयपुर

प्रदेश के सरकारी विभागों में कार्यरत कर्मचारियों और अधिकारियों के लिए नई तबादला नीति बनाई जाएगी। केंद्र सरकार की भांति प्रदेश में भी लागू होने वाली इस ट्रांसफर पॉलिसी के तहत अब सरकारी कर्मचारी व अधिकारी को ग्रामीण क्षेत्र में कम से कम दो साल नौकरी करनी होगी तथा 3 साल तबादला नहीं होगा।

सरकार ने इसके लिए एक कॉमन एसओपी जारी की है, जिसे सभी विभागों को भिजवाया गया है। विभाग के एचओडी अपने अधिकारियों से चर्चा करके जरूरत के अनुसार एसओपी में अपने सुझाव शामिल करेंगे। दरअसल, प्रदेश में तबादलों को लेकर हर बार विवाद होता है। भाजपा की वसुंधरा सरकार (2013-2018) में तत्कालीन मंत्री गुलाब चंद कटारिया की अध्यक्षता में बनी कमेटी ने भी तबादला नीति का ड्राफ्ट बनाया था, लेकिन विधायकों की डिजायर के बोझ तले तबादला नीति लागू नहीं हो पाई।



**पोर्टल पर मिलेगी खाली पदों की सूची:** एसओपी के अनुसार, हर विभाग 1 से 15 जनवरी के बीच जिले, उपखंड या पंचायत वार खाली पदों की सूची पोर्टल पर अपलोड करेंगे। कर्मचारी 1 से 28 फरवरी तक ट्रांसफर के लिए आवेदन करेंगे। विभाग 30 मार्च तक काउंसलिंग कर प्राथमिकता और नियम के अनुसार 30 अप्रैल तक ट्रांसफर सूची जारी करेगा।

### ट्रांसफर से पहले मांगे जाएंगे ऑनलाइन आवेदन

प्रशासनिक सुधार एवं समन्वयक विभाग की ओर से जारी कॉमन एसओपी में सभी विभागों में कार्यरत कर्मचारियों के ट्रांसफर करने से पहले ऑनलाइन आवेदन मांगे जाएंगे। आवेदन में कर्मचारी या अधिकारी खाली पद पर अपनी इच्छा अनुसार ट्रांसफर के लिए आवेदन कर सकेगा। इस आवेदन के बाद संबंधित विभाग की एक टीम उन कर्मचारियों की काउंसलिंग करेगी। काउंसलिंग के लिए दिव्यांग, विधवा, एकल महिला, भूतपूर्व सैनिक, उत्कृष्ट खिलाड़ी, पति-पत्नी प्रकरण और असाध्य रोग से पीड़ित, शहीद के आश्रित सदस्य, डार्क जोन या दूरस्थ स्थानों पर नियम अवधि तक कार्यरत कर्मचारियों को प्राथमिकता दी जाएगी।

### यहां लागू नहीं होगी पॉलिसी

यह एसओपी राजभवन, विधानसभा, सचिवालय और राज्य निर्वाचन आयोग में लागू नहीं होगी, जबकि शेष सभी विभागों में लागू की जाएगी। जिन विभागों में कर्मचारियों की संख्या 2 हजार से कम है, उनमें यह एसओपी ऐसे ही लागू की जाएगी। जिनमें 2 हजार से ज्यादा कर्मचारी हैं, उन विभागों को अपनी सुविधा के अनुसार अपने सुझाव शामिल करते हुए पॉलिसी तैयार करके प्रशासनिक सुधार एवं समन्वयक विभाग को भिजवानी होगी। ये नियम बोर्ड, निगम, उपक्रम या स्वायत्तशासी संस्थाओं पर भी लागू होंगे।

**जरूरी खबर**

### गुप्ता को भाजपा वार रूम का बनाया संयोजक



**जयपुर।** भारतीय जनता पार्टी की ओर से विवेक गुप्ता को लोकसभा चुनाव के लिए वार रूप का संयोजक बनाया गया है। लोकसभा चुनाव प्रबंधन समिति के प्रदेश संयोजक ओंकारसिंह लखावत के निर्देशानुसार गुप्ता को संयोजक पद पर नियुक्त किया गया है। इस मौके पर गुप्ता ने कहा कि संगठन ने मुझे जो जिम्मेदारी सौंपी है, उसे पूरी निष्ठा के साथ निभाऊंगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश में भाजपा सभी 25 सीटों पर चुनाव जीतेगी। इसके लिए मंडल स्तर पर कार्यकर्ताओं का सक्रिय योगदान रहेगा।

### भंवर जितेंद्र ने भाजपा पर साधा निशाना

**जयपुर।** भाजपा वालों में अहंकार आ गया है। इनका बस चले तो संविधान को बदलकर चुनाव ही बंद करा दें। चीन और रूस की तरह ये भी आजीवन प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति बने रहें। यही इनकी सोच भी है। यह बात गुरुवार को भरतपुर लोकसभा क्षेत्र के कैथवाड़ा में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए पूर्व केंद्रीय मंत्री भंवर जितेंद्र सिंह ने कही। कांग्रेस प्रत्याशी संजना जाटव के समर्थन में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए भंवर जितेंद्र सिंह ने भाजपा पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि भाजपा वालों ने हर जगह जाति, धर्म के नाम पर लड़ाने और तोड़ने का काम किया है, जबकि कांग्रेस ने शांति और सौहार्द्र के साथ सभी को एकजुट रखा।

### सतरंगी सप्ताह के तहत ली मतदान की शपथ



**जयपुर।** भारतीय निर्वाचन आयोग के निर्देशों पर जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान के तहत सतरंगी सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। जिला निर्वाचन अधिकारी प्रकाश राजपुरोहित एवं जिला स्वीप नोडल अधिकारी डॉ. शिल्पा सिंह के निर्देशन में सतरंगी सप्ताह के दूसरे दिन जिले के शैक्षणिक एवं वाणिज्यिक संस्थानों में नवमतदाताओं की शपथ दिलाई गई। मालवीय नगर में स्थित राजस्थान अस्पताल में अतिरिक्त जिला कलेक्टर सुमन पंवार ने अस्पताल में कार्यरत स्टाफ को मतदाता जागरूकता की शपथ दिलवाई गई। उन्होंने कहा कि आपका एक वोट हमारे देश की दिशा और दशा तय करता है। इसलिए मतदान अवश्य करें।

**जिला मुख्यालय स्थित आदर्श स्टेडियम में प्रधानमंत्री आज करेंगे चुनावी सभा को संबोधित**

# बाड़मेर में रविंद्र सिंह भाटी की चुनौती, मोदी संभालेंगे मोर्चा

**बेधड़क** | जयपुर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार को बाड़मेर के जिला मुख्यालय स्थित आदर्श स्टेडियम में चुनावी जनसभा को संबोधित करेंगे। पीएम मोदी की इस जनसभा को बाड़मेर-जैसलमेर-बालोतरा लोकसभा सीट से निर्दलीय चुनाव लड़ रहे रविंद्र सिंह भाटी की लोकप्रियता से काउंटर की तरह देखा जा रहा है।



स्थानीय भाजपा नेताओं के लिए सबसे बड़ी चुनौती इस सभा में भीड़ जुटाना है। इसका कारण यह है कि जिस जगह पीएम मोदी की जनसभा हो रही है, उसी जगह कुछ दिन पहले निर्दलीय प्रत्याशी भाटी भारी भीड़ जुटाकर शक्ति प्रदर्शन कर चुके हैं। हालांकि देखने वाली बात ये होगी की पीएम की रैली से इस मुकाबले पर कितना असर पड़ेगा। आपको बता दें की बाड़मेर-जैसलमेर-लोकसभा सीट से भाजपा ने केंद्रीय मंत्री कैलाश चौधरी को एक बार फिर मैदान में उतारा है। वहीं कांग्रेस ने उम्मेदाराम बेनीवाल को प्रत्याशी बनाया है। उधर दोनों ही मुख्य राजनीतिक दलों के प्रत्याशियों पर निर्दलीय चुनाव लड़ रहे रविंद्र सिंह भाटी की लोकप्रियता भारी पड़ रही है। भाटी के लोकसभा क्षेत्र के शहरों और गांवों में आयोजित हो रही जनसभाओं में भारी भीड़ उमड़ रही है।

साथ ही भाटी इन दिनों गुजरात महाराष्ट्र कर्नाटक सहित बाहरी राज्यों में लोकसभा क्षेत्र के प्रवासियों से मिलने की यात्रा पर है। इस दौरान अहमदाबाद, सूरत, वापी, भरूच, मुंबई, बेंगलुरु में भी रविंद्र सिंह भाटी को जबरदस्त जन समर्थन मिल रहा है। जिसके चलते दोनों ही पार्टियों के लिए मुश्किलें खड़ी होती हुई नजर आ रही है।

### कांग्रेस प्रत्याशी 2 बार की हार को बना रहे हथियार

बाड़मेर-जैसलमेर-लोकसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी उम्मेदाराम बेनीवाल अपनी पहले की दो हार को जीत का हथियार बना रहे हैं। उन्होंने बाड़मेर जिले की बायतु विधानसभा सीट से हनुमान बेनीवाल की राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी से दो बार विधानसभा का चुनाव लड़ा है। 2018 में वे पूर्व मंत्री और विधायक हरीश से हार गए थे और 2023 में महज 910 वोट उनको हार का सामना करना पड़ा था।

### कई स्टार प्रचार करेंगे प्रचार

भाजपा ने इस लोकसभा क्षेत्र में कई स्टार प्रचारकों की जनसभाएं और रैलियां करवाने का प्लान बनाया है। इसके तहत शुक्रवार को बाड़मेर जिला मुख्यालय पर पीएम मोदी, सिवाना विधानसभा क्षेत्र में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह सिंह, गुड़ामलानी में अभिनेता सन्नी देओल, शिव में स्मृति ईरानी, रेशलर द ग्रेट खली और पूर्व नेता प्रतिपक्ष सतीश पूनियां, डिप्टी सीएम दिया कुमारी सहित कई बड़े नेताओं की जनसभा और रोड शो प्रस्तावित है।

### भाटी के समर्थन में उमड़ी थी भारी भीड़

आपको बता दें की शिव विधायक रविंद्र सिंह भाटी ने 4 अप्रैल को बाड़मेर के आदर्श स्टेडियम में जनसभा और बाड़मेर शहर के मुख्य सड़कों से रैली निकालकर नामांकन दाखिल किया था। रविंद्र सिंह भाटी की जनसभा में भारी भीड़ उमड़ी थी। हालात ये थे कि आदर्श स्टेडियम में पांव रखने की जगह नहीं थी। ऐसे में पीएम मोदी की यह जनसभा भी उसी आदर्श स्टेडियम में हो रही है। ऐसे में स्थानीय भाजपा नेताओं के लिए भाटी की जनसभा से ज्यादा भीड़ जुटाने की चुनौती है।

**मौसम का बदला मिजाज: जयपुर सहित कई जिले में गिरा तापमान**

# बांसवाड़ा-भीलवाड़ा में गिरे ओले 14 जिलों में बारिश का अलर्ट

**बेधड़क** | जयपुर

सीकर, जयपुर और उदयपुर में गुरुवार शाम 4 बजे आंधी के साथ बारिश हुई। बांसवाड़ा-भीलवाड़ा में देर शाम ओले गिरे। वहीं मौसम विभाग ने 13 और 14 अप्रैल को राज्य के 14 जिलों में तेज बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी करते हुए प्रशासन को सतर्क किया है। मौसम में बुधवार से बदलाव दिखाई दिया। पश्चिमी राजस्थान के जिलों में तेज गर्मी रही।

दक्षिण-पूर्वी राजस्थान के जिलों में बादल छाए और हल्की बारिश हुई। बाड़मेर और जैसलमेर में बुधवार को सीजन का सबसे गर्म दिन रहा। यहां पारा सीजन में पहली बार 42 डिग्री सेल्सियस से ऊपर दर्ज किया गया। अलवर, जयपुर, चूरू समेत कुछ जगहों पर हल्की बारिश के बाद तापमान में गिरावट हुई। इससे लोगों को गर्मी से राहत मिली। मौसम केंद्र जयपुर ने 13 अप्रैल को एक स्ट्रॉन्ग सिस्टम के आने से पश्चिमी राजस्थान में अंधड़ चलने की आशंका जताई है। वहीं, मौसम में हुए बदलाव का सीधा असर फसलों पर पड़ा है। इन दिनों खेत-खलियानों में कटी हुई फसल खेतों व चारा में खुले में रखा हुआ है।





### इन जिलों में ऑरेंज अलर्ट

मौसम विभाग ने शुक्रवार को भी राजस्थान के कुछ जिलों में धूलभरी आंधी के साथ बारिश होने की संभावना जताई है। ताजा मौसम अपडेट में अजमेर, झुंझुनूं, चूरू, सीकर, पाली और जयपुर जिले के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। जिसमें इन जिलों में कुछ स्थानों पर तेज बारिश आंधी की संभावना जताई है।

### अंधड़ की संभावना

मौसम विभाग के अनुसार नागौर, उदयपुर, राजसमंद, दौसा, अलवर, जोधपुर, भीलवाड़ा, जयपुर शहर, सीकर और आसपास कहीं-कहीं मेघगर्जन के साथ हल्की बारिश व अंधड़ आने की संभावना है। इसको देखते हुए मौसम विभाग ने येलो अलर्ट जारी किया है।

### तेज आंधी-बारिश के साथ गिरे ओले

बांसवाड़ा में देर शाम अचानक मौसम बदला और हल्की बूंदाबांदी शुरू हुई। कुछ ही देर में हालात इतने खराब हो गए की तेज आंधी चलने लगी और जबरदस्त बारिश हुई। इसके बाद ओले भी गिरने लगे। करीब 1 घंटे तक आंधी-बारिश का दौर जारी रहा। इस दौरान पूरा शहर अंधेरे में डूब गया। कई जगह बिजली के पोल गिर गए। बांसवाड़ा को लेकर मौसम विभाग ने चेतावनी जारी की थी। गुरुवार शाम करीब 6 बजे से मौसम बिगड़ना शुरू हुआ और देर शाम 7 बजे तक तेज आंधी चलने लगी। शहर के बाहरी हिस्सों में कई जगह ओले भी गिरे। इसके बाद तेज सर्द हवाओं का दौर शुरू हो गया। रात करीब 9 बजे तक तेज बारिश होती रही। बारिश रुकने के बाद सबसे पहले हाईवे पर गिरे पेड़ों को हटाने का काम शुरू किया गया। बिजली के खंभे गिरने से दाहोद रोड पर पुलिस लाइन के सामने, शहर में सिविल लाइंस के सामने सहित कई जगह यातायात पूरी तरह ठप हो गया। इसके साथ ही तलवाड़ा क्षेत्र में एक ट्रॉले ने पिकअप को टक्कर मार दी, जिससे पिकअप नहर में जा गिरी।

### घर की छत गिरी कई घायल

आंबापुरा क्षेत्र में आंधी के दौरान एक घर की छत गिर गई। हादसे में दो बच्चे और एक महिला सहित कई लोग घायल हो गए। उन्हें महात्मा गांधी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं, कुशलगढ़ क्षेत्र में बिगड़े मौसम के बीच दो बाइकों की भिड़ंत में तीन युवक घायल हो गए, उन्हें भी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### बिजली के पोल गिरे, छाया अंधेरा

बांसवाड़ा शहर और आसपास के क्षेत्र में बड़ी संख्या में बिजली के पोल गिरने की सूचना मिल रही है। फिलहाल पूरा बांसवाड़ा शहर अंधेरे में डूबा हुआ है। यहां तक कि सिविल लाइंस, जो कलेक्टर का निवास है, वहां भी लाइट पूरी तरह गुल है। महात्मा गांधी अस्पताल में जनरेटर से बिजली व्यवस्था चालू की गई है। विद्युत निगम के अधिकारियों का कहना है की पूरी लाइनों को दुरुस्त करने में लंबा समय लगेगा।

**कोटाखावदा में सभा को किया संबोधित**

## पीएम मोदी की सभा के लिए किरोड़ी ने गांवों में बांटे पीले चांवल



**बेधड़क** | चाकसू

दौसा संसदीय क्षेत्र में शुक्रवार को प्रस्तावित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की रैली और मेघा रोड शो के लिए प्रदेश के कृषि मंत्री डॉ. किरोडी लाल मीणा गुरुवार को गांव और ढाणियों में पहुंचे और लोगों को पीले चावल बांटे। इस दौरान उन्होंने कोटखावदा में दौसा लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी कन्हैयालाल मीणा के समर्थन में गुरुवार को आम सभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने लोगों से भाजपा के पक्ष में जनता से वोट मांगे।

सभा के दौरान बारिश भी हुई, इसके बावजूद लोगो मे अपने नेताओं के प्रति जोश व उत्साह बखूबी नजर आया। सभा को सम्बोधित करते हुए डॉ. किरोड़ी लाल ने कहा कि देश में तीसरी बार मोदी सरकार लाकर भारत को पुनः विश्वगुरु बनाना है। मोदी सरकार ने सभी वर्गों के उत्थान का कार्य किया है। कांग्रेस ने लोगों को भ्रमित किया है। उन्होंने कहा कि ना तो आरक्षण खत्म होगा और ना संविधान खत्म होगा, एक दिन कांग्रेस खुद खत्म हो जाएगी। इस अवसर पर स्थानीय विधायक रामावतार बैरवा ने आभार व्यक्त किया एवं भाजपा प्रत्याशी को भारी मतों से जीताने की अपील की। इस मौके पर भाजपा जयपुर देहात दक्षिण जिला उपाध्यक्ष श्रवण गुर्जर, पूर्व कृषि मंडी अध्यक्ष कैलाश शर्मा, कोटखावदा प्रधान प्रहलाद मीणा, मंडल अध्यक्ष बनवारी लाल शर्मा, सरपंच संघ अध्यक्ष जेपी मीणा, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष सुमन कुमावत सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे। इससे पूर्व भाजपा प्रत्याशी कन्हैयालाल मीणा ने ज्योतिबा फुले सर्किल पर पुष्पांजलि अर्पित की। वही लोकगीत पर मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल व विधायक बैरवा ने कार्यकर्ताओं के साथ ठुमके भी लगाए।

**4 बीएलओ को नोटिस जारी कर मांगा गया जवाब**

## घरों में बांट रहे वोटर इंफॉर्मेशन स्लिप

**बेधड़क** | जयपुर

लोकसभा चुनाव में प्रत्येक मतदाता की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए भारतीय निर्वाचन आयोग के निर्देशों की अनुपालना में घर-घर जाकर वोटर इंफॉर्मेशन स्लिप एवं वोटर गाइड का वितरण किया जा रहा है।



सिविल लाइंस विधानसभा क्षेत्र में गुरुवार को सहायक रिटर्निंग अधिकारी मुक्ता राव ने वोटर स्लिप एवं वोटर गाइड वितरण कार्य का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने बीएलओ सहित अन्य नियोजित कार्मिकों को जल्द से जल्द शत-प्रतिशत वोटर इंफॉर्मेशन स्लिप एवं वोटर गाइड वितरण का लक्ष्य पूर्ण करने के लिए निर्देशित किया। इस दौरान राव ने स्वयं घर-घर जाकर मतदाताओं से आगामी 19 अप्रैल को अपने मताधिकार का अवश्य प्रयोग करने की अपील की।

उन्होंने ने कहा कि मतदाता अपना मतदान करें साथ अन्य मतदाताओं को भी मतदान के लिए प्रेरित करें। वहीं, हवामहल विधानसभा क्षेत्र की सहायक रिटर्निंग अधिकारी डॉ. सरिता शर्मा भी लगातार विधानसभा क्षेत्र में वोटर इंफॉर्मेशन स्लिप एवं वोटर गाइड वितरण कार्य की मॉनिटरिंग कर रहीं हैं।

डॉ. सरिता शर्मा ने बताया कि गुरुवार तक हवामहल विधानसभा क्षेत्र में 2 लाख 16 हजार 997 वोटर इंफॉर्मेशन स्लिप एवं 53 हजार 616 वोटर गाइड का वितरण किया जा चुका है।

**लोक संगीत की धुनों पर विदेशी पावणो का हुआ स्वागत**

## पैलेस ऑन व्हील्स से जयपुर पहुंचे 31 पर्यटक

**बेधड़क** | जयपुर

पहियों पर चलने वाले महल का एहसास करने वाली शाही ट्रेन पैलेस ऑन व्हील्स गुरुवार को जयपुर पहुंची। इस सीजन के आखिरी सफर को तय कर रही इस ट्रेन में देश-विदेश के 31 टूरिस्ट गांधी नगर रेलवे स्टेशन पहुंचे। यहां पारंपरिक अंदाज में टूरिस्ट का स्वागत किया गया।



ट्रेन में सवार सैलानी जब स्टेशन के प्लेटफॉर्म पर पहुंचे तो कच्छी घोड़ी और लोक वाद्य बजाते कलाकारों ने उनकी अगवानी की। इसके बाद लोक कलाकारों ने माथे पर तिलक और माला पहनाकर अतिथियों का स्वागत किया। पैलेस ऑन व्हील्स को देश भर की विभिन्न शाही रेलों में सबसे चर्चित मानी जाती है। यहां यात्रियों की राजसी ठाठ-बाट और अत्याधुनिक सुविधाओं का एक साथ राजस्थान का भ्रमण करवाया जाता है। ऐसे में जैसे ही शाही ट्रेन जयपुर पहुंची, यहां स्वागत को लेकर स्टेशन पर विशेष प्रबंध किए गए। शाही ट्रेन का सत्र समापन टूर 10 अप्रैल को दिल्ली के सफदरजंग स्टेशन से शुरू हुआ है। 21वें टूर में कुल 31 पर्यटक शाही ट्रेन से यात्रा कर रहे हैं। भारत के 11, अमेरिका के 8, ब्राजील के 4, ब्रिटेन के 3 पर्यटक, स्पेन, दक्षिण अफ्रीका 2-2 और फिनलैंड का एक पर्यटक है। शाही ट्रेन के निदेशक ओ एंड एम प्रदीप बोहरा ने बताया कि यह इस सीजन का आखिरी सफर है और पर्यटकों की सुविधाओं के लिए विशेष ध्यान दिया गया है। यहां आने वाले टूरिस्ट को लग्जरी एहसास के साथ पारंपरिक खूबसूरती से भी अवगत करवाया जा रहा है।

**बिरला पर लगाए आरोपों पर भाजपा विधायकों का पलटवार**

# गुंजल की आंखों में अहंकार और दिल में झूठ, विकास उन्हें दिखता नहीं

**बेधड़क** | जयपुर

कांग्रेस प्रत्याशी प्रहलाद गुंजल ने भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी लोकसभा स्पीकर ओम बिरला पर गुरुवार को आरोपों की झड़ी लगा दी थी। इसका पलटवार बिरला ने तो नहीं किया, लेकिन भाजपा के दो विधायकों संदीप शर्मा और कल्पना देवी ने गुंजल के आरोपों पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि गुंजल की आंखों में अहंकार की गंदगी और दिल में झूठ व कपट है। उन्हें विकास नजर नहीं आएगा। बिरला ने कोटा और बूंदी में 8100 करोड़ रुपए के कार्य करवाए हैं। इनमें जल, रेल, स्टेशन, खेल, धार्मिक स्थल, स्कूल, ऐतिहासिक स्थल सहित कई जगह पर विकास कार्य हुए हैं। संदीप शर्मा ने कहा कि ओम बिरला तो 10 साल से जयपुर में चल रही ट्रिपल आईटी को कोटा लाएं हैं। जबकि भाजपा सरकार ने कोटा को आईआईटी आवंटित की, जिसे कांग्रेस सरकार बनने के बाद गहलोत जोधपुर ले गए। इसके बाद कोटा को ट्रिपल आईटी मिली, तो उसके भवन के लिए कांग्रेस सरकार ने कोई पैसे नहीं दिए।







### बिरला की चौकीदारी छोड़ प्रचार पर ध्यान दें

विधायक संदीप शर्मा ने प्रहलाद गुंजल की ओर से ओम बिरला पर लगाए आरोपों पर पलटवार करते हुए कहा कि गुंजल, बिरला के कार्यालय की चौकीदारी छोड़ अपने प्रचार पर ध्यान दें। उन्होंने कहा कि पुलिस महानिरीक्षक रवि दत्त गौड़ और लोकसभा अध्यक्ष के ओएसडी राजीव दत्ता के लिए गुंजल ने जिस भाषा का उपयोग किया, वह निंदनीय है। उन्होंने प्रहलाद गुंजल पर झूठ बोलने का आरोप लगाया और उनकी क्षमताओं पर सवाल खड़े किए हैं। विधायक शर्मा ने कहा कि गुंजल को गाइड लाइन और कानून का अंतर नहीं पता है।

### दिलावर की कार्यकर्ताओं को चुनौती

शिक्षा एवं पंचायतराज मंत्री मदन दिलावर ने कांग्रेस का प्रचार करने वालों को फैलाए जा रहे भ्रम को लेकर कड़ी चेतावनी जारी की है। दिलावर ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता कांग्रेस का प्रचार करता पाया गया तो उसके खिलाफ सख्त एक्शन होगा। साथ ही भविष्य में बीजेपी और मुझसे उसका कोई संबंध नहीं रहेगा। उन्होंने भाजपा जिला अध्यक्ष से अनुरोध किया है कि पार्टी विरोधी कार्य करने वालों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई करें। दिलावर ने लोगों से भी अपील की है कि वह विरोधियों के फैलाई जा रहे झूठ और भ्रामक प्रचार पर ध्यान न दें।

### कांग्रेस सरकार ने ही रुकवाया था एयरपोर्ट

लाडपुरा विधायक कल्पना देवी का कहना है कि कांग्रेस सरकार ने ही कोटा का एयरपोर्ट रुकवाया था। ऐसे में कांग्रेस के नेताओं से ही यह गुंजल को पूछना चाहिए। तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने एयरपोर्ट भूमि के एयरपोर्ट अथॉरिटी को हस्तांतरण के लिए आवश्यक 127 करोड़ में से महज 21 करोड़ रुपए ही जमा करवाए।



फोटो: राजेश कुमावत

**संस्कृति: लवाजमे के साथ निकली माता की शाही सवारी, बूंदाबांदी में भी दर्शनों के लिए डटा रहा जयपुर**

# गणगौर के स्वागत को उमड़े मेघ

**बेधड़क.जयपुर।** शाही लवाजमे और परम्परा के साथ गुरुवार को गणगौर माता की सवारी निकाली गई। माता की सवारी को देखने के लिए त्रिपोलिया गेट से लेकर गणगौरी बाजार में सड़कों के साथ ही छतों पर स्थानीय लोगों और देशी-विदेशी सैलानियों की भारी भीड़ रही। इस दौरान तेज हवा चलने लगी और बूंदाबांदी भी हुई, लेकिन लोग गणगौर माता के दर्शनों के लिए डटे रहे। पर्यटन विभाग के उप निदेशक उपेंद्र सिंह शेखावत के अनुसार पूर्व राजपरिवार की महिला सदस्यों ने जनानी ड्योढ़ी में गणगौर माता की विधि-विधान से पूजा की और फिर माता पालकी में सवार हो कर नगर परिक्रमा के लिए निकली।





फोटो: पंकज शर्मा

### पद्मनाभ ने की पूजा-अर्चना

त्रिपोलिया गेट पर जयपुर के पूर्व राजपरिवार के सवाई पद्मनाभ सिंह ने गणगौर माता की पूजा अर्चना की। त्रिपोलिया गेट के सामने ही माता की पालकी का स्वागत महिलाओं ने घूमर नृत्य से किया। विदेशी सैलानियों के लिए त्रिपोलिया गेट के सामने स्थित हिन्द होटल की टैरेस पर बैठने के इंतजाम किए गए थे। माता की सवारी जैसे ही छोटी चौपड़ पहुंची तो वहां पर महिला कलाकारों द्वारा घूमर नृत्य की प्रस्तुति दी गई और जयपुर व्यापार महासंघ के पदाधिकारियों ने माता की पालकी पर पुष्प वर्षा की। छोटी चौपड़ से माता की सवारी चौगान होते हुए पौन्ड्रिक बाग पहुंची और वहां से फिर सिटी पैलेस के लिए पुनः रवाना हुई।





### आज निकलेगी बूढ़ी गणगौर की सवारी

गणगौर माता की सवारी के आगे लोक कलाकार ने कच्ची घोड़ी, अलगोजावादन, कालबेलिया नृत्य, बहरूपिया कला प्रदर्शन, बाड़मेर के कलाकारों द्वारा गैर- आंगी व सफेद गैर, किशनगढ़ के कलाकारों द्वारा घूमर व चरी नृत्य, शेखावाटी के लोक कलाकारों द्वारा चंग व ढ़प, बीकानेर के कलाकारों द्वारा पद दंगल, मश्कवादन आदि की प्रस्तुतियां दी। गणगौर माता की सवारी शुक्रवार को पुनः सिटी पैलेस से निकलेगी, जिसे बूढ़ी गणगौर के नाम से पूजा जाता है।

## नवरात्रि: चतुर्थ देवी मां कूष्मांडा



**इनके** तेज और प्रकाश से दसों दिशाएं प्रकाशित हो रही हैं। ब्रह्मांड की सभी वस्तुओं और प्राणियों में अवस्थित तेज इन्हीं की छाया है। मां की आठ भुजाएं हैं। अतः ये अष्टभुजा देवी के नाम से भी विख्यात हैं। दुर्गा सप्तशती के अनुसार देवी कूष्माण्डा इस चराचर जगत की अधिष्ठात्री हैं। इनके सात हाथों में क्रमशः कमंडल, धनुष, बाण, कमल-पुष्प, अमृतपूर्ण कलश, चक्र तथा गदा है। कूष्मांडा का मतलब है कि जिन्होंने अपनी मंद (फूलों) सी मुस्कान से सम्पूर्ण ब्रहमाण्ड को अपने गर्भ में उत्पन्न किया। **देवी कूष्मांडा का प्रिय पुष्प** : चमेली। **नैवेद्य** : मालपुआ।

**चाकसू में उत्साह के साथ मनाया पर्व**

## सुहागिनों ने गौरी से मांगा अखंड सुहाग



**बेधड़क | चाकसू (जयपुर)**

कस्बे समेत समूचे उपखंड में गुरुवार को गणगौर उत्साह के साथ मनाया गया। घरों और मंदिरों में महिलाओं ने मिट्टी से बनाई गई गणगौर और ईसरजी की प्रतिमाओं की पूजा की। साथ ही गणगौर माता को मेहंदी, हल्दी, ज्वारे, चुनरी भेंट कर मैदा आटे के बने मीठे तीखे गुणे का भोग लगाया गया। महिलाएं सिर पर कलश रख गणगौर माता के मंगल गीत गाते हुए पानी लेने पहुंची। फिर गणगौर माता की पूजा अर्चना कर अखण्ड सौभाग्य की कामना की। इस दौरान महिलाओं ने गौरी माता की पौराणिक कथा सुनी। कस्बा वार्ड-17 निवासी संतोष गोड़, आरती सिर्रा, ज्योति, पिंकी, ममता आदि ने बताया कि विवाहित महिलाओं और कुंवारी कन्याओं के लिए यह पूजा बहुत महत्वपूर्ण मानी जाती है। पौराणिक कथा के अनुसार इस दिन भगवान शिव ने देवी पार्वती को और देवी पार्वती ने संपूर्ण नारी समाज को सौभाग्यवती होने का वरदान दिया था।

**हेड कांस्टेबल मनेन्द्र और कोमल की सूचना पर कार्रवाई**

## दो बदमाशों से 97 ग्राम स्मैक बरामद

**बेधड़क | जयपुर**

पुलिस ने स्मैक लेकर घूम रहे दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों से कुल 97 ग्राम स्मैक बरामद कर उन्हें कोर्ट में पेश किया। अब इस मामले की जांच झोटवाड़ा थाना पुलिस करेगी। मुरलीपुरा थाना सीआई सुनील जांगिड़ ने बताया कि डीएसटी वैस्ट में तैनात हैड कांस्टेबल मनेन्द्र सिंह और कोमल सिंह को सूचना मिली कि स्मैक की सप्लाई देने के लिए एक बदमाश जयपुर में आया हुआ है। मुरलीपुरा थाना इलाके में स्मैक की सप्लाई करेगा।

इस पर डीएसटी की ओर से मुरलीपुरा थाना पुलिस को सूचना दी गई। इस पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और पवन चारण और नरेश गुर्जर को पकड़ा। दोनों की तलाशी के दौरान स्मैक नरेश गुर्जर के पास से मिली। नरेश ने पूछताछ में बताया कि पवन चारण स्मैक की सप्लाई करने का काम किया करता है। आरोपी पवन ही उस के लिए स्मैक लेकर आया था। इस पर पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार किया। पुलिस पूछताछ में बदमाशों ने बताया कि वह स्मैक की 1 ग्राम की पुड़िया 3 हजार रुपए में बेचते हैं। पवन चारण ही स्मैक लेकर जयपुर आता है, जिसके बाद वह स्मैक को छोटी-छोटी पुड़िया में डाल कर बाजार में बेचा करते। दोनों आरोपी आदतन स्मैक सप्लाई करने वाले हैं। इन के खिलाफ पूर्व में भी एनडीपीएस एक्ट के कई मामले दर्ज हैं।



**दिगंबर जैन महासमिति सांगानेर संभाग की मीटिंग**

## ग्रीष्मकालीन शिविर लगाने और श्रावकाचार वर्ष की तैयारियों पर चर्चा

**बेधड़क | जयपुर**

दिगंबर जैन महासमिति सांगानेर संभाग कार्यकारिणी की मीटिंग पिंजरपोज गोशाला सांगानेर के सनराइज हॉल में गुरुवार प्रातः 9:15 बजे हुई।

मुख्य अतिथि सुरेन्द्रकुमार पाण्ड्या राष्ट्रीय महामंत्री, सभाध्यक्ष णमोकार जैन अंचल कार्याध्यक्ष, विशिष्ट अतिथि सुनीता हीराचंद, सुरेश जैन बांदीकुई अंचल कार्याध्यक्ष, महावीर कुमार बाकलीवाल अंचल महामंत्री एवं डॉ. अतुल गुप्ता चेयरमैन सनराइज एग्रीमेंट डवलपमेंट एंड रिसर्च प्राइवेट लिमिटेड एवं सनराइज ऑर्गेनिक हर्बल पार्क पिंजरपोल गौशाला, प्रदीप लाला अध्यक्ष राजस्थान युवा महासभा, विनोद कोटखावदा महामंत्री थे। अतिथियों ने भगवान महावीर के चित्र का अनावरण एवं दीप प्रज्वलन किया। सामूहिक मंगलाचरण के बाद सभी अतिथियों का स्वागत कार्यक्रम संयोजक इकाई अध्यक्ष सुरेन्द्र झांझरी, अनिल जैन इकाई अध्यक्ष से-17, कमलेश बोहरा इकाई अध्यक्ष से.-5, प्रेमचन्द बड़जात्या चौमूंबाग ने किया। महिला अतिथियों का स्वागत मधु जैन, शीला शाह ने किया।




### विभिन्न गतिविधियों की जानकारी दी

सर्वप्रथम सांगानेर संभाग के अध्यक्ष कैलाश मलैया ने स्वागत भाषण दिया एवं श्रावकाचार वर्ष-2024 की विस्तृत रूपरेखा प्रस्तुत की। इसमें संकल्प पत्र, संगोष्ठी, रत्नकरण्य श्रावकाचार प्रश्नोत्तरी आदि गतिविधियों की जानकारी दी। इसके बाद मंत्री डॉ.अरविन्द जैन ने विगत मीटिंग की कार्रवाई का अनुमोदना एवं त्रेमासिक प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की। इसके बाद ग्रीष्मकालीन शिविर के मुख्य संयोजक डॉ. बीसी जैन ने 15 से 24 मई तक लगाने वाले शिविर की विस्तृत रूपरेखा प्रस्तुत की।

### साधु औषधि वैयावृति फिर शुरू करने की बात

अमिता जैन श्योपुर ने महावीर जयंती जुलूस के लिए श्रावकाचार झांकी लगाने के संबंध में अपनी बात रखी। राजस्थान जैन युवा महासभा के अध्यक्ष प्रदीप लाला ने आदिनाथ जन्म/ निर्वाण कल्याणक कार्यक्रम के संबंध में समाज की एकता पर विचार रखे। कैलाशचन्द काला (चंदलाईवाले) सूर्यनगर इकाई के नवीन अध्यक्ष का सभी ने स्वागत किया। अक्षय जैन शिवदासपुरा अध्यक्ष ने पदमपुरा क्षेत्र पर साधु औषधि वैयावृति पुन: आरंभ करने की बात रखी। दुर्गापुरा मंत्री सुनील काला ने युवा एवं महिला प्रकोष्ठ विस्तार की आवश्यकता बताई। युवा मंत्री आशीष पाटनी ने शिविर में सुधारात्मक बिंदुओं की ओर ध्यान आकर्षित किया। डॉ. अतुल गुप्ता ने कृषि, महिला एवं किसान कल्याण के लिए किए गए कार्यों की चर्चा की और परोपकार के लिए सबका आह्वान किया।

### गायों को चारा खिलाया

मुख्य अतिथि सुरेन्द्र पाण्डया ने अपने वक्तव्य में सभी समस्याओं का समाधान बताया। अध्यक्षीय उद्बोधन में णमोकार जैन ने ग्रीष्मकालीन शिविर एवं श्रावकाचार वर्ष पूरी तैयारी के साथ भव्यता से मनाने का आह्वान किया। संयोजक सुरेन्द्र झांझरी ने आभार व्यक्त किया। शान्तिपाठ के साथ सभा विसर्जित हुई। इसके बाद सभी महानुभावों ने गो सेवा के तहत गायों को चारा खिलाकर पुण्यार्जन किया।

## जरूरी खबर

### ज्योतिबा फुले के सिद्धांतों पर चलने का आह्वान



**चाकसू।** सामाजिक क्रांति के अग्रदूत महात्मा ज्योतिबा फुले की 197वीं जयंती फागी मोड़ स्थित प्रतिमा स्थल पर गुरुवार को मनाई गई। इस दौरान पर ज्योतिबा फुले के सिद्धांतों पर चलने का आह्वान किया गया। कार्यक्रम में विधायक रामावतार बैरवा, रामधन सैनी, विनोद राजोरिया, पवन सांवरिया, कमलेश बैरवा सहित अन्य लोग मौजूद रहे। विधायक बैरवा ने कहा कि महात्मा फुले सामाजिक क्रांति के अग्रदूत थे। उन्होंने समाज में छुआछूत को मिटाने की पहल की।

### पेट्रोल पंप मालिक पर हमला, गन दिखाकर रुपए लूटे

**नागौर।** जिले में अजमेर-बीकानेर हाईवे पर स्थित थांवला फांटे के पास स्थित पेट्रोल पंप पर कार सवार हथियारबंद लुटेरों लूट की वारदात को अंजाम दिया। लुटेरों ने पेट्रोल पंप पर सेल्समैन और मालिक के साथ जमकर मारपीट की। साथ ही 32 हजार रुपए लूटकर फरार हो गए। साथ ही जाते समय सेल्समैन के 7200 रुपए छीन ले गए। पूरी घटना का सीसीटीवी में कैद हो गई। जानकारी के अनुसार बदमाशों ने सेल्समैन धर्माराम को पकड़ लिया और ऑफिस में लेकर पहुंचे। वहा पेट्रोल पंप का मालिक उमेद सिंह वहां सो रहा था। बदमाशों ने उस पर सरिए से वार किए। गन दिखाकर 32 हजार रुपए लूट लिए।

### हर्षोउल्लास से मनाया ईद-उल-फितर का पर्व



**चाकसू।** कस्बे में मुस्लिम समुदाय ने ईद-उल-फितर का पर्व हर्षोल्लास से मनाया। लोगों ने सुबह ईद की नमाज से पहले फजर की नमाज अदा की। शहर काजी हाफिज याकूब नागौरी ने नमाज अदा करवाई। दरगाह शाह जलाल मस्जिद में भी ईद की नमाज अदा की गई। नमाज के बाद खुतबा पढ़ा गया और देश में अमनचैन की दुआ मांगी गई। बाद में लोगो ने एक दूसरे के गले मिलकर ईद मुबारक बाद दी। ईदगाह व दरगाह पर कानून व्यवस्था के लिए एसीपी सुरेंद्र सिंह, एसएचओ कैलाश दान सहित पुलिस व प्रशासन के अधिकारी मौजूद रहे। इधर, पालिका चेयरमैन कमलेश बैरवा भी ईदगाह पहुंचे और मुस्लिम भाइयों को ईद की मुबारक दी।

**बेस्ट ट्रेडिशनल ड्रेस प्रतियोगिता का विदेशी सैलानियों में दिखा उत्साह, आज मूक-बधिर बच्चे दिखाएंगे हुनर**

# गणगौर की शाही सवारी के साथ मेवाड़ फेस्टिवल का आगाज

**बेधड़क** | उदयपुर

झीलों की नगरी में गुरुवार को राजस्थानी लोक पर्व गणगौर का उल्लास देसी-विदेशी सैलानियों के सिर चढ़कर बोला। यहा गणगौर माता की शाही सवारी के साथ मेवाड़ फेस्टिवल का शुभारंभ हुआ। इसमें शामिल लाव-लश्कर को देखकर सैलानी रोमांचित हो उठे।

गणगौर की सवारी में महिलाएं भी परंपरागत परिधानों में सज-धजकर शामिल हुईं। इस दौरान विदेशी पर्यटक भी राजस्थानी पोशाक प्रतियोगिता में उत्साह के साथ शामिल हुए। पर्यटन विभाग की



तरफ से आयोजित इस महोत्सव में विभिन्न समाजों की ओर से गणगौर घाट पर भगवान ईसर और गणगौर की पूजा की गई। इस महोत्सव के पहले दिन घंटाघर से गणगौर घाट तक गणगौर की सवारी निकाली जाती है, जिसमें महिलाएं पारंपरिक परिधानों में तैयार होकर पूजा करने के लिए घाट पर आती हैं। वहीं पिछोला झील में शाही गणगौर की बोट भी सवारी निकाली गई। बंशी घाट से गणगौर घाट तक रॉयल गणगौर की सवारी प्रमुख आकर्षण का केन्द्र रही। विभिन्न समाजों की गणगौर की सवारी को भी नकद पुरस्कार प्रदान किए गया। प्रथम रहने वाली सवारी को 51 हजार, द्वितीय स्थान पर रहने वाली सवारी को 25 हजार तथा तृतीय स्थान को 15 हजार रुपए की नकद राशि का पुरस्कार प्रदान किया गया। इसके बाद शाम को गणगौर घाट पर लोक कलाकारों की ओर से नृत्य-गीत, संगीत की प्रस्तुति दी जाएगी।

### फेस्टिवल में आज होंगे ये कार्यक्रम

12 अप्रैल को विदेशी पर्यटकों के लिए बेस्ट ट्रेडिशनल ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन शाम 7 बजे से किया जाएगा। पर्यटन विभाग के अनुसार इस साल मेले में मूक बधिर बच्चों को भी हुनर दिखाने का मौका दिया जाएगा। इस बार यहां पर बच्चे गायन और पेंटिंग करेंगे। इसके लिए अलग-अलग स्कूलों के विद्यार्थियों को आमंत्रित किया गया है। इसके साथ गोगुंदा में भी गुरुवार से गणगौर मेले का शुभारंभ हुआ जो 13 अप्रैल तक चलेगा। पहले दिन गणगौर की सवारी निकाली गई। इसमें हाट बाजार भी लगाया गया है। आयोजन में शाम को सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का सिलिसला चलेगा।

### इन लोक कलाओं का होगा प्रदर्शन

उदयपुर के मेवाड़ फेस्टिवल में राजस्थान के सभी जगह के कलाकारों द्वारा अपनी कला का प्रदर्शन किया जाएगा, जिसमें मुख्य जैसलमेर का लंगा-मांगणियार है जो महोत्सव को खास बनाएगा। शहर में आयोजित होने वाले महोत्सव में गोगुंदा से तेरहताल और गवरी नृत्य, बूंदी और उदयपुर से कच्ची घोड़ी, बारां से सहरिया स्वांग, बाड़मेर से लाल आंगी गेर, चूरू-सीकर से चंप ढप नृत्य, मेनार से गेर नृत्य, कुंभलगढ़ से बांकिया, झाड़ोल से मावलिया नृत्य, किशनगढ़ से चरी और घूमर, जोधपुर से कालबेलिया, जैसलमेर से लंगा-मांगणियार, बाड़मेर से भवई नृत्य, चित्तौड़गढ़ से बहरूपिया और शहनाई की प्रस्तुति खास रहेगी।

**मुख्यमंत्री भजनलाल ने कठूमर में आयोजित चुनावी सभा में कहा...**

# मोदी राज में देश का विकास हुआ व दुनिया में सम्मान बढ़ा

**बेधड़क** | भरतपुर

प्रदेश में भाजपा प्रत्याशियों की जीत के लिए ताबड़तोड़ सभाएं कर रहे हैं। इसी क्रम में गुरुवार को उन्होंने अपने गृह जिले में भाजपा प्रत्याशी रामस्वरूप कोली के समर्थन में कठूमर में जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि वर्ष 2014 से पहले कांग्रेस सरकार भ्रष्टाचार और घोटाले की खान बन गई थी।

जमीन, आकाश, पाताल हर जगह घोटाला होता था, लेकिन 2014 के बाद मोदी राज देश का विकास भी हुआ और दुनिया में देश का सम्मान भी हुआ। उन्होंने कहा कि आज कांग्रेस में कोई चुनाव लड़ना नहीं चाहता। 2-4 टिकट तो वापस हो गए। आज केंद्र की कांग्रेस एक व्यक्ति से कह रही है फॉर्म वापस लो, लेकिन उसने मना कर दिया। अब कांग्रेस खुद बांसवाड़ा में अपने 'हाथ' का विरोध कर रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने देश में भ्रष्टाचार को जन्म देने का काम किया। सीएम सीएम शर्मा ने कहा कि भाजपा ने कठूमर की हर बात को रखने का काम किया है। कांग्रेस के लोग रामलला को काल्पनिक बताते हैं।

जो राम की शक्ति को नहीं जानते, ऐसी कांग्रेस में से 'राम' निकल गए। 500 साल की गुलामी और झूठे इतिहास को चंद सेकंड में समेटने वाले नरेंद्र मोदी हैं। भाजपा ने घोषणा पत्र में कहा था कि राम मंदिर वहीं बनाएंगे, उसे करके दिखा दिया। उन्होंने कहा कि इंदिरा गांधी, राजीव गांधी, मनमोहन, सोनिया गांधी, राहुल गांधी सभी गरीबी हटाओ का नारा लगाते आ रहे हैं, लेकिन हकीकत में उन्होंने सिर्फ नारा लगाया। इनका गरीब से कोई नाता नहीं रहा। इन्होंने सिर्फ जुमलेबाजी की, झूठ और लूट की दुकान खोलने का काम किया। कांग्रेस ने हमेशा तुष्टीकरण और भ्रष्टाचार के आधार पर काम किया। देश में कांग्रेस ने भ्रष्टाचार को जन्म देने का काम किया।



### बचेंगे नहीं युवाओं के सपनों से खेलने वाले

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने जनसभा में कहा कि जिन लोगों ने युवाओं के सपनों पर कुठाराघात करने का काम किया है, उन्हें बख्शा नहीं जाएगा। पेपर लीक मामले में अब तक 85 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि कोई कितना भी बड़ा आदमी हो, बच नहीं सकता। जिन्होंने युवाओं की आंखों में आंसू दिए हैं, वो जेल की सलाखों के पीछे रहेंगे। सीएम शर्मा ने प्रदेश की पूर्व कांग्रेस सरकार पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि पहले गैंगस्टर आते थे और व्यापारियों को धमकाते थे, अपराध करते थे। क्योंकि यूपी, हरियाणा, मध्यप्रदेश, गुजरात में हमारी सरकार थी और यहां कांग्रेस की सरकार थी, लेकिन अब यहां कोई गैंगस्टर नहीं आते। हमने कह दिया है जो भी गैंगस्टर यहां आएगा, वापस नहीं जा पाएगा।

### ईआरसीपी की सिर्फ बातें ही होती थी

मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि पूर्वी राजस्थान पानी की कमी की समस्या से परेशान था। कांग्रेस हर जगह ईआरसीपी की बात करती थी, लेकिन काम नहीं करती थी। उन्होंने ईआरसीपी को लटकाने, भटकाने का काम किया, लेकिन हमने मध्यप्रदेश और केंद्र सरकार के साथ मिलकर ईआरसीपी पर समझौता भी किया और जमीन अवाप्ति का काम भी शुरू कर दिया है। अब 21 जिलों को पीने का पानी भी मिलेगा और 2180 लाख हैक्टेयर जमीन की सिंचाई के लिए भी पानी उपलब्ध हो सकेगा। हमने उदयपुर की अरावली पर्वतमाला के पानी को रोककर टनल के माध्यम से उदयपुर, राजसमंद, चित्तौड़गढ़ तक लाने का भी काम किया है।

**जोधपुर में कई कार्यक्रमों में हुए शामिल**

## पीएम मोदी के प्रयास से सभी लोगों के जीवन में आया बदलाव: शेखावत



**बेधड़क** | जोधपुर

जिले में केंद्रीय जलशक्ति मंत्री व भाजपा प्रत्याशी गजेंद्र सिंह शेखावत गुरुवार सुबह नागौरी गेट स्थित श्रीगोवर्धन नाथजी मंदिर पहुंचे और धर्मपत्नी नोनद कंवर के साथ भोलेनाथ का अभिषेक किया। महात्मा ज्योतिबा फुले के जन्मोत्सव पर शेखावत ने महामंदिर चौराहे पर श्रीज्योतिबा फुले पार्क पहुंचकर पुष्पांजलि अर्पित की।

उन्होंने कहा कि मोदी जी ने सभी के जीवन में परिवर्तन लाने का कार्य किया है। उनका संकल्प है कि 2047 तक देश को विकसित बनाना है। माली संस्थान जोधपुर, लायन्स क्लब जोधपुर मंडोर की संयुक्त मेजबानी में आयोजित कार्यक्रम में जोधपुर शहर जिला अध्यक्ष देवेन्द्र सालेचा, पूर्व जेडीए चेयरमैन डॉ. महेन्द्र सिंह राठौड़, पूर्व जिला अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह कच्छवाह सहित अनेक पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। ईद उल फितर पर शेखावत चालू गेट स्थित बड़ी मस्जिद पहुंचे और मुस्लिम भाइयों से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। शेखावत ने कुड़ी स्थित महादेव वाटिका में जाट समाज के वरिष्ठजनों की सभा में संवाद किया। सभी ने भाजपा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी पर विश्वास जताया।

### सूर्यकांता व्यास मेरे लिए पूज्य

भाजपा की वरिष्ठ नेता, पूर्व विधायक सूर्यकांता व्यास मेरे लिये पूज्य हैं। उनका सदा सम्मान किया है और उनसे आशीर्वाद पाया है। आज़ उनके निवास पर लोकसभा चुनाव को लेकर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने हम सभी कार्यकर्ता साथियों से अपना अनुभव बांटा। उनका हम पर विश्वास ऊर्जा प्रदान कर गया। इस बार जीत और भी बड़ी होगी निश्चित ही।

**नहाते समय गहरे पानी में जाने से हुआ हादसा**

## पांचना बांध में डूब रहे युवक को एसडीआरएफ टीम ने बचाया

**बेधड़क** | करौली

जिले में स्थित पांचना बांध में नहाते समय गहरे पानी में जाने के कारण डूब रहे उत्तर प्रदेश के फैजलपुर गांव निवासी देवेंद्र (25) पुत्र जगदीश कुमार की एसडीआरएफ रेस्क्यू टीम के जवानों ने जान बचाई।

टीम ने युवक को बांध से सुरक्षित बाहर निकाल लिया। इस दौरान मौके पर मौजूद श्रद्धालुओं एवं युवक के परिजनों ने रेस्क्यू टीम के जवानों को धन्यवाद दिया। एसडीआरएफ के कमांडेन्ट



राजेंद्र सिंह सिसोदिया ने बताया कि करौली जिले में 6 अप्रैल से कैला देवी मेला चल रहा है। इसमें स्थानीय नदी, घाट, बांध एवं तालाब में स्नान के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा एवं बचाव के लिए एसडीआरएफ सी कंपनी भरतपुर की रेस्क्यू टीम के प्रभारी हेड कांस्टेबल सियाराम के नेतृत्व में 11 जवानों की एक टीम दो शिफ्ट में दिन-रात तैनात की गई है। गुरुवार दोपहर करीब 1:45 बजे एसडीआरएफ की रेस्क्यू टीम पांचना बांध पर मोटर बोट से गश्त कर रही थी। इसी दौरान छोटी पुलिया के पास पांचना बांध में एक युवक गहरे पानी में जाने के कारण डूब रहा था। रेस्क्यू टीम के जवान कांस्टेबल महेश एवं नरेश तुरंत मोटर बोट से युवक के पास पहुंचे और उसे सकुशल बांध से बाहर निकाल लिया।

**चार आरोपी गिरफ्तार, 9 एंड्राइड मोबाइल बरामद**

## कैला माता मेले में मोबाइल चोरी गैंग पकड़ी

**बेधड़क** | करौली

जिले की कैलादेवी पुलिस ने चैत्र मेले के दौरान श्रद्धालुओं के मोबाइल चोरी करने वाले अंतर्राज्यीय गैंग का खुलासा कर चार शातिर बदमाशों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से मेले में चोरी किए गए 9 कीमती मोबाइल बरामद किए हैं।

एसपी बृजेश ज्योति उपाध्याय ने बताया कि थाना निहालगंज जिला धौलपुर निवासी रीना जाटव पत्नी चतर सिंह द्वारा रिपोर्ट दी गई कि उसका बेटा प्रिंस 6 अप्रैल की शाम कैला माता की पैदल यात्रा के लिए निकला था। 9 अप्रैल की सुबह कैला देवी पहुंच माता के



दर्शन करने के बाद मेले में लगी दुकान से खरीददारी कर रहा था। इसी दौरान कोई उसकी जेब से मोबाइल चोरी कर ले गया। एसपी उपाध्याय ने बताया कि विशेष टीम द्वारा हेड कांस्टेबल गिरधारी की सूचना पर मेले में मोबाइल चोरी करने वाले गिरोह का खुलासा कर चार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों से 9 कीमती मोबाइल बरामद किए गए हैं। पुलिस ने विष्णु बंजारा पुत्र किशोर निवासी चौसा थाना बाडामोड जिला बख्सर राज्य बिहार, राजेन्द्र बंजारा (22) पुत्र घनश्याम निवासी थाना कोतवाली जिला सवाईमाधोपुर, इतबारी बंजारा (35) पुत्र करतार व कन्हैया भाट (38) पुत्र सरवन निवासी कच्ची बस्ती रणजीत नगर थाना कोतवाली भरतपुर को गिरफ्तार किया गया है।

**आंदोलन की चेतावनी**

# सरकारी पार्किंग पर बैरिकेटिंग, लोगों ने किया विरोध

**बेधड़क** | दौसा

जिले के मेहंदीपुर बालाजी में श्रद्धालुओं और आमजन की सुविधा के लिए बनाया गया उदयपुरा बाईपास महज दिखावा बनकर रह गया है। इस रोड से आस-पास के करीब 10 गांव जुड़े हुए हैं।

बालाजी दर्शनार्थ आने वाले हजारों श्रद्धालु भी यहां से बालाजी मंदिर के पास पहुंच पाते है। इससे कस्बे में यातायात का दवाब भी कम होता है, लेकिन उदयपुरा बाईपास से महज 100 मीटर पहले ही पुलिस बैरिकेड्स लगे होने के कारण लोग उदयपुरा बाईपास तक नहीं पहुंच पा रहे। इससे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। इसके चलते गुरुवार को आस-पास के ग्रामीणों और आस्था धाम



के व्यापारियों ने उदयपुरा बाईपास को खोलने की पूरजोर मांग उठाई। इसे लेकर कस्बे के व्यापारियों और स्थानीय लोगों ने विरोध प्रदर्शन कर उदयपुरा बाईपास के पास पुलिस बैटिकेड्स हटाने की मांग की है। लोगों ने चेतावनी दी कि यदि यह मांग जल्द पूरी नहीं की गई तो कस्बे के बाजार बंद कर आंदोलन किया जाएगा। गौरतलब है कि आमजन और श्रद्धालुओं की सुविधाओं को देखते हुए मेहंदीपुर बालाजी कस्बे की श्रीराम धर्मशाला के सामने से उदयपुरा बाईपास रोड निकाला गया था। लोगों ने बताया कि बाईपास को खोलने की मांग को लेकर पहले भी प्रशासन और स्थानीय विधायक विक्रम बंशीवाल को ज्ञापन सौंप चुके हैं, लेकिन इस पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। सिकराय एसडीएम यशवंत मीना ने बताया कि उन्हें मामले की जानकारी नहीं है। जांच के बाद ही कार्रवाई की जाएगी।

### कई जगह चल रही अवैध पार्किंग

कस्बे में सरकारी पार्किंग की आड़ में करीब आधा दर्जन से अधिक अवैध पार्किंग संचालित हैं। इन्हें संभागीय आयुक्त आरुषि मलिक ने गत वर्ष बंद करवाने के आदेश दिए थे, लेकिन उनके आदेश के बाद भी अवैध पार्किंग बंद नहीं हुई। वहीं स्थानीय व्यापारी यादराम तिवारी ने बताया कि श्रीराम धर्मशाला के सामने से उदयपुरा बाईपास निकाला था, लेकिन उससे पहले ही पार्किंग के नाम पर पुलिस ने बैरिकेड्स लगा रखे है। यहां से न तो स्थानीय लोगों को निकलने देते है और न ही किसी बीमार आदमी को। बालाजी दर्शनों को आने वाले श्रद्धालुओं के वाहनों को तो कस्बे में आने ही नहीं देते हैं, इसलिए यहां से बैरिकड्स हटना जरूरी है।

### इस तरह मिल सकती है राहत

उदयपुरा बाईपास पर लगे पुलिस बैरिकेड्स हटाने की मांग की गई है। इस जगह पर वर्तमान में सरकारी पार्किंग है। उससे महज 100 मीटर आगे उदयपुरा बाईपास है। उदयपुरा बाईपास से भी महज 100 मीटर आगे बालाजी थाना पुलिस के बैरिकेड्स लगे हुए हैं। स्थानीय निवासियों का कहना है कि यहां सरकारी पार्किंग के आगे लगे बैरिकेड्स उदयपुरा रोड बाईपास पर लग जाए तो लोगों को काफी हद तक राहत मिल सकेगी। बालाजी निवासी मुकेश तिवाड़ी ने बताया कि कस्बे में अगर कोई व्यक्ति बीमार हो जाए तो उसे कस्बे से निकालने में काफी वक्त लगता है। इसलिए उदयपुरा बाईपास से बैरिकेड्स हटाकर इसे सुचारू ढंग से शुरू किया जाए।

**थाना आरकेपुरम व AHTU की कार्रवाई**

## कोटा से गायब नाबालिग छात्रा गुजरात में मिली

**बेधड़क** | कोटा

जिले के थाना आरकेपुरम इलाके में दो सप्ताह पहले सुबह घर से स्कूल के लिए निकली 14 वर्षीय गुमशुदा छात्रा को थाना पुलिस एवं एएचटीयू टीम ने गुजरात के मोरबी जिले से दस्तयाब कर लिया है।

बालिका को गुरुवार को बाल कल्याण समिति के समक्ष पेश किया गया। एसपी डॉ. अमृता दुहन ने बताया कि 28 मार्च को थाना आरकेपुरम में 14 वर्षीय छात्रा की मां ने रिपोर्ट दी कि सुबह उसकी बेटी घर से स्कूल के लिए निकली थी, जो वापस नहीं लौटी। मामला दर्ज होने के बाद बालिका की तलाश के लिए थाना पुलिस व मानव तस्करी विरोधी यूनिट की संयुक्त टीम गठित की गई। टीम ने तकनीकी सूचना एवं मुखबिरों से आसूचना संकलित की। इसमें छात्रा के गुजरात के जिला मोरबी स्थित लालपर क्षेत्र में होने की पुख्ता जानकारी मिलने पर टीम ने बुधवार को नाबालिग को वहां से दस्तयाब कर लिया। उसे पुलिस टीम गुरुवार को कोटा लेकर आई और बाल कल्याण समिति के समक्ष पेश किया गया। मामले में अग्रिम अनुसंधान किया जा रहा है। इसमें जो भी तथ्य सामने आएंगे उसके अनुसार कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## नर्सिंग-पैरामेडिकल भर्ती में अनुभव प्रमाण पत्रों के पुर्नसत्यापन के लिए नहीं पहुंच रहे नियंत्रण अधिकारी, विभाग ने चेताया

# बस अब और नहीं... हो जाओ पेश... नहीं तो कार्रवाई के लिए रहो तैयार!

बेधड़क | जयपुर

नर्सिंग एवं पैरामेडिकल संवर्ग की प्रक्रियाधीन भर्ती वर्ष 2023 को पूरी कराने को लेकर चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी गंभीर नहीं है। लंबें समय से विभाग के अधिकारी भर्ती पर कुंडली मारकर बैठें हैं। भर्ती एजेंसी शिफू की ओर से भर्ती आवेदकों के जारी अनुभव प्रमाण पत्रों के पुर्नसत्यापन के लिए कई बार नियंत्रण अधिकारियों को पत्र लिखा गया। उन्हें व्यक्तिवश या उत्तरदायी अधिकारी को शिफू में उपस्थित होने के लिए बुलाया गया। लेकिन इस कार्य के लिए शिफू में उपस्थित होने वाले कार्मिक निर्धारित समय-सारणी के अनुसार उपस्थित नहीं हो रहे है व ना ही इससे संबंधित वांछित पूर्ण रिकॉर्ड के साथ उपस्थित हो रहे हैं। वहीं पूछे जाने पर उनके द्वारा कोई संतोषजनक जवाब भी नहीं दिया जा रहा है। जिससे अनुभव प्रमाण पत्रों के पुर्नसत्यापन संबंधी कार्य में अनावश्यक विलम्ब हो रहा है। वहीं बेरोजगार युवा नियमित नौकरी के लिए दर-दर भटक रहे हैं।




### एसीएस की नाराजगी के बाद भर्ती प्रक्रिया पूरी करने के निर्देश

बहरहाल इस मामले को चिकित्सा विभाग की एसीएस शुभ्रा सिंह ने गंभीरता से लिया है। सिंह ने पिछले दिनों चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक में भर्ती की स्थिति पर नाराजगी जाहिर की है। इसके बद एसीएस के निर्देश पर विभाग के निदेशक अराजपत्रित राकेश कुमार शर्मा ने 9 अप्रैल को एक पत्र जारी किया है। इसमें मामले को महत्वपूर्ण को मानते हुए संबंधित नियंत्रण चिकित्सा अधिकारियों को इस कार्य को पूर्ण करने के लिए स्वयं व्यक्तिश या अनुभव प्रमाण पत्र पुर्नसत्यापन कार्य के लिए विज्ञ कार्मिक को समस्त वांछित दस्तावेजों के साथ निर्धारित समय-सारणी अनुसार शिफू में उपस्थित होने के निर्देश दिए हैं। वहीं इस निर्देश की पालना नहीं होने की स्थिति में संबधित नियंत्रण अधिकारी के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही प्रस्तावित की जाएगी। इसके लिए अधिकारी स्वयं उत्तरदायी होने को बताया गया है।

### चार महीने से हो रही लेटलतीफी

गौरतलब है कि प्रशासनिक विभाग के गत 22 नवंबर 2023 आदेश के द्वारा नर्सिंग एवं पैरामेडिकल संवर्ग की भर्ती (वर्ष-2023) के लिए विभिन्न आवेदकों को जारी किए गए अनुभव प्रमाण पत्रों के पुर्नसत्यापन किये जाने दिशा-निर्देश दिए गए थे। इस क्रम में निदेशक, राज्य स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण संस्थान, जयपुर ने विभिन्न पत्रों द्वारा आवेदकों के अनुभव प्रमाण पत्रों का पुर्नसत्यापन किये जाने के संबंध में आवश्यक समस्त दस्तावेज के साथ निर्धारित तिथियों को स्वयं व्यक्तिशः या उत्तरदायी अधिकारी को शिफू में उपस्थित होने के लिए नियंत्रण अधिकारियों को अनुरोध किया गया था। लेकिन बावजूद इसके भर्ती को पूरा करने के लिए अधिकारी भर्ती एजेंसी शिफू के सामने पेश नहीं हो रहे हैं।

## Yuva स्टोरीज

### रिसर्च मेथडोलॉजी एंड डेटा एनालिटिक्स पर वर्कशॉप का शुभारंभ



बेधड़क | जयपुर

जगतपुरा स्थित स्वामी केशवानंद इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग में "रिसर्च मेथडोलॉजी एंड डेटा एनालिटिक्स" विषय पर पांच दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ हुआ। इसका उद्देश्य प्रतिभागियों में रिसर्च और डेटा एनालिटिक्स के प्रति रुझान बढ़ाना है। जिसके उद्घाटन सत्र में विभागाध्यक्ष प्रोफेसर धीरज जोशी ने व्यवसाय, स्वास्थ्य सेवा, विनिर्माण आदि क्षेत्रों में इस विषय की महत्ता और अनुप्रयोग के बारे में बताया। पहले दिन के विशेषज्ञ डॉ. अचिन श्रीवास्तव ने वर्णनात्मक सांख्यिकी विषय पर अपना संबोधन प्रस्तुत किया। इस कार्यशाला में बीटेक, एमटेक और पीएचडी पाठ्यक्रमों के कुल 41 प्रतिभागियों ने भाग लिया। आगामी दिनों में नामी विशेषज्ञ डॉ. दीपक कुमार, डॉ. मनोज कुमार सैन (एसकेआईटी संस्थान) एवं डॉ. ब्रिजेश अवस्थी (आईसीएफएआई विश्वविद्यालय) अपना ज्ञान साझा करेंगे। सम्पूर्ण कार्यशाला का समन्वय डॉ. दीपक कुमार और डॉ. अचिन श्रीवास्तव द्वारा किया जाएगा।

### जैविक और प्राकृतिक खेती पर दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी



**जयपुर**। महर्षि अरविंद विश्वविद्यालय में सतत खाद्य सुरक्षा जैविक और प्राकृतिक खेती के माध्यम से भविष्य की खेती पर एक दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रोफेसर एससी जैन कुलपति एसकेएनएयू बलराज सिंह मुख्य अतिथि थे। सम्मेलन में देश भर के सम्मेलन के प्रमुख 10 विषयों पर कृषि के क्षेत्र में विशेषज्ञता रखने वाले प्रख्यात वैज्ञानिकों द्वारा 19 प्रमुख व्याख्यान दिए गए। इस दौरान बड़ी संख्या में प्रतिभागियों ने ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों तरीकों से अपने शोध पत्र प्रस्तुत किए गए। समारोह के अंत में मुख्य अतिथि द्वारा एक स्मारिका और ई-बुक का भी विमोचन किया गया। आयोजन के मुख्य संरक्षक डॉ. भारत पराशर ने सभी अतिथियों का सम्मान किया।

### योग से जीवन को मिलती है सार्थकता : प्रो संजीव



बेधड़क | जयपुर

राजधानी के शास्त्रीनगर में भारत सरकार आयुष मंत्रालय से मान्यता प्राप्त योग शिक्षक प्रशिक्षण केंद्र योग पीस संस्थान पर टीचर्स ट्रेनिंग सर्टिफिकेट कोर्स के नए सत्र की शुरुआत वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हवन के साथ किया गया । संस्थान के संस्थापक योगाचार्य ढाकाराम, डॉ. अरुण जोशी, योगी मनीष, आचार्य मुनींद्र, अचार्य विशाल, योगी महेंद्र शर्मा, जोधपुर से आए योगी मंगल सहित योग प्रशिक्षण के लिए विभिन्न प्रांतो से आए योग विद्यार्थियों ने हवन के माध्यम से देवी देवताओं का आवाहन करते हुए सबके मंगल की प्रार्थना की। मुख्य अतिथि राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान के कुलपति प्रो.संजीव शर्मा ने कहा कि योग भारत के ऋषि मुनियों द्वारा विश्व को दी गई वह विद्या है जो हमें शांति से अपने साथ बैठे, मैं कौन हूं? किस उद्देश्य से हूं ? आदि स्व जीवन के सत्य को उद्घाटित कर जीवन को सार्थकता प्रदान करती है।

## एनएमसी के पास सीटें बढ़ाने के लिए पहुंचे आवेदन

# एमबीबीएस की बढ़ेगी सीटें 112 मेडिकल कॉलेज खुलेंगे

बेधड़क | नई दिल्ली

आगामी नये सेशन 2024-25 में नए मेडिकल कॉलेज शुरू होने के साथ-साथ एमबीबीएस की सीटों में भी इजाफा होगा। हालांकि यह संख्या कितनी होगी, इस बारे में अभी आकलन प्रक्रिया चल रही है। नेशनल मेडिकल कमिशन के पास नए मेडिकल कॉलेज के लिए 112 और एमबीबीएस की सीटें बढ़ाने के लिए 58 ऑनलाइन आवेदन मिले हैं, जिनको जांचने की प्रक्रिया चल रही है।

एनएमसी की अंडरग्रैजुएट मेडिकल एजुकेशन बोर्ड की प्रेजिडेंट डॉ. अरूणा वी. वानिकर का कहना है कि 2024-25 में एमबीबीएस की कितनी सीटें बढ़ेंगी, इसको लेकर कोई टारगेट तय नहीं किया गया है।

लेकिन सीटें बढ़ाने के साथ-साथ सबसे ज्यादा जोर इस बात पर होगा कि छात्रों को बेस्ट मेडिकल एजुकेशन मिले। इसको लेकर एनएमसी की ओर से सभी जरूरी कोशिश की जा रही है। उनका कहना है कि धीरे-धीरे कॉलेजों में जाकर इंस्पेक्शन की प्रक्रिया को कम किया जाएगा और ऑनलाइन प्रक्रिया को ज्यादा फॉलो किया जाएगा। नई-नई तकनीकों का इस्तेमाल होगा, जिनमें AI टूल भी शामिल है।



### बढ़ सकती है 40 हजार सीटें

विशेषज्ञों का कहना है कि अभी MBBS की 1.08 लाख सीटें हैं और इन सीटों में अभी 40 हजार तक का और इजाफा हो सकता है। देश में MBBS की सीटों को डेढ़ लाख तक बढ़ाया जा सकता है। इस वर्ष भी सीटें बढ़ाने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। लेकिन एनएमसी का लक्ष्य केवल सीटें बढ़ाना नहीं है बल्कि यह भी देखना है कि छात्रों को बेहतर से बेहतर मेडिकल एजुकेशन मिले। कॉलेजों की रेटिंग का लक्ष्य भी यही है। बताया जा रहा है कि एनएमसी कॉलेजों में इंफ्रास्ट्रक्चर समेत सभी जरूरी सुविधाओं को लेकर बारीकी से जांच करेगा और उसके बाद ही मंजूरी दी जाएगी। विशेषज्ञ कहते हैं कि पिछले कुछ वर्षों में MBBS की सीटें काफी बढ़ी हैं और जिन कॉलेजों में छात्रों को अच्छी शिक्षा नहीं मिल पा रही है, उसको लेकर एनएमसी को कड़े कदम उठाने होंगे।

### प्राइवेट कॉलेजों का खर्चा कम होगा

हाल ही में एक संसदीय समिति ने सिफारिश की थी कि सरकार को जिला अस्पतालों के साथ प्राइवेट मेडिकल कॉलेजों की पार्टनरशिप करने के लिए एक मजबूत नीति बनानी चाहिए। वहीं अब इस सिफारिश को मंजूरी मिलने के बाद न सिर्फ प्राइवेट मेडिकल कॉलेजों (Medical Colleges) की स्थापना व उसके संचालन का खर्चा कम होगा बल्कि मेडिकल एजुकेशन की बढ़ती लागत पर भी लगाम लगेगी।

## लोकतंत्र में स्थायित्व की जगह जवाबदेही महत्वपूर्ण : राज्यपाल



बेधड़क | जयपुर

राज्यपाल कलराज मिश्र गुरुवार को वाराणसी स्थित सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय में आयोजित 'लोकतंत्र के पर्व पर मनीषीगण की भूमिका' विषयक संगोष्ठी में शामिल हुए। इस मौके पर उन्होंने कहा कि संसदीय लोकतंत्र की भारतीय पद्धति इसलिए महत्वपूर्ण है कि इसमें संविधान निर्माताओं ने स्थायित्व की जगह जवाबदेही को महत्व दिया। उन्होंने कहा कि विधायिका, न्यायपालिका और कार्यपालिका की जवाबदेही से ही लोकतंत्र सुदृढ होता है। उन्होंने लोकतंत्र के पर्व पर मनीषीगण की भूमिका की चर्चा करते हुए कहा कि समाज में जागरूकता और शिक्षा जरूरी है। बुद्धिजीवी लोगों को संवैधानिक प्रक्रियाओं के बारे में जानकारी प्रदान करते हैं। उनकी विचारशीलता, विद्वत्ता, अमौलिक चिंतन से ही लोकतंत्र के मूल तत्वों को मजबूत करने में मदद मिलती है। उन्होंने कहा कि संविधान का लक्ष्य ही समाज का सर्वांगीण विकास है। उन्होंने कहा कि भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक राष्ट्र है। यहां संसदीय व्यवस्था को इसीलिए अपनाया गया ताकि सरकार में प्रत्येक वर्ग के लोगों का प्रतिनिधित्व सुनिश्चित हो सके। उन्होंने लोकतंत्र की मजबूती के साथ सभी वर्गों के कल्याण के लिए कार्य करने पर जोर देते हुए बुद्धिजीवी वर्ग को इसमें अपना निरंतर योगदान देने का आह्वान किया।

## सीयूईटी यूजी: 13 विषयों की परीक्षा एक शिफ्ट में पेन-पेपर से

**जयपुर**। स्नातक दाखिले के लिए सीयूईटी 2024 में करीब 13 विषयों की परीक्षा पहली बार पेन-पेपर से और एक शिफ्ट में हो सकती है। जबकि अन्य विषयों की परीक्षा पहले की तरह कंप्यूटर आधारित होगी। 13 विषयों परीक्षा के लिए 13 लाख 47 हजार छात्रों ने पंजीकरण किया है। एनटीए के पास सीयूईटी यूजी 2024 में 62 विषयों में कुल 13,47,618 यूनिक सफल पंजीकरण प्राप्त हुए हैं। इनमें 7,17,111 लड़के और 6,30,500 लड़कियां हैं। इसके अलावा सात ट्रांसजेंडर भी हैं। जबकि कुल 57 लाख 69 हजार 211 छात्रों ने ऑनलाइन आवेदन भरा था। एनटीए के पास इकॉनोमिक्स, बिजनेस इकॉनोमिक्स, अकाउंटेंसी / बुक कीपिंग, बॉयोलॉजी /बॉयोटेक्नोलॉजी, बिजनेस स्ट्डीज, कैमिस्ट्री, कंप्यूटर साइंस, इंग्लिश, जनरल टेस्ट, हिंदी, हिस्ट्री, मैथ्स, फिजिक्स, पॉलिटिकल साइंस विषय एक लाख से अधिक आवेदन प्राप्त हुए हैं। इसीलिए इन विषयों की परीक्षा एनटीए पहली बार पेन-पेपर आधारित करने पर जल्द फैसला लेगी। यह परीक्षा 15 से 31 मई तक होनी है। परीक्षा पर फैसला जल्द होगा।

## एआईबीई रिजल्ट के री चेकिंग आवेदन शुरू

बेधड़क | नई दिल्ली

बार काउंसिल ऑफ इंडिया (बीसीआई) ने ऑल इंडिया बार एग्जामिनेशन (AIBE) 18वीं परीक्षा रिजल्ट ओएमआर शीट की री-चेकिंग विंडो 2023 को सक्रिय कर दिया है। आवेदन 25 अप्रैल तक भरें जा सकेंगे। उम्मीदवार अपने AIBE 18वीं रिजल्ट 2024 से संतुष्ट नहीं हैं, वे एआईबीई की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर रिजल्ट री-चेकिंग के लिए आवेदन कर सकते हैं।

एआईबीई 18 ओएमआर री-चेकिंग प्रक्रिया 2023 पूरी तरह से ऑनलाइन है। ऑफलाइन मोड के माध्यम से भेजे गए एआईबीई 18 री-चेकिंग अनुरोध पर विचार नहीं किया जाएगा। उम्मीदवारों को 200 रुपये का री-चेकिंग शुल्क देना होगा। उम्मीदवारों को ध्यान देना चाहिए कि यह उनकी ओएमआर शीट की दोबारा जांच कराने का आखिरी मौका है।

बार काउंसिल ऑफ इंडिया (बीसीआई) ने कहा है कि एआईबीई 2024 के परिणाम सामान्य 100 के बजाय 93 प्रश्नों के आधार पर निर्धारित किए गए हैं, क्योंकि एआईबीई 18 परीक्षा से सात प्रश्न हटा दिए गए थे। सामान्य और ओबीसी श्रेणियों के उम्मीदवारों के लिए, उत्तीर्ण अंक 93 अंकों का 45 प्रतिशत है, जो 42 अंकों तक होता है। जबकि, अनुसूचित जाति (एससी), अनुसूचित जनजाति (एसटी) और विकलांग श्रेणियों के उम्मीदवारों के लिए, उत्तीर्ण अंक 93 अंकों में से 40 प्रतिशत निर्धारित है, जिसे 37 अंकों तक पूर्णांकित किया जाता है।

**तबादले** | **प्रदेश में 1994 से अब तक नहीं लागू हुए तबादले के नियम**

# शिक्षक बोले... ट्रांसफर पॉलिसी सरकार का चुनावी जुमला

बेधड़क | जयपुर

प्रदेश की भजनलाल सरकार की ओर से नई ट्रांसफर पॉलिसी लागू किए जाने के की सुगबुगाहट के बीच सरकारी टीचर्स ने इस पर सवाल खड़े करना शुरू कर दिया है। वहीं सरकार के खिलाफ मोर्चा खोलता हुए सवालों के घेरे में लिया है।

राजस्थान शिक्षक संघ एकीकृत के पदाधिकारियों ने कहा कि यह सिर्फ सरकार का चुनावी जुमला है। इससे पहले भी सरकार कई बार पॉलिसी का हवाला देकर सरकारी टीचर्स और कर्मचारियों को बेवकूफ बनाने का काम कर चुकी है। लेकिन धरातल पर कभी कोई पॉलिसी लागू नहीं हो पाई है।




मामले में राजस्थान शिक्षक संघ एकीकृत के महामंत्री रंजीत मीणा ने कहा है कि इससे पहले 1994 में पूर्व शिक्षा सचिव अनिल बोर्दिया के नेतृत्व में कमेटी बनी थी। ड्राफ्ट तैयार किया, कमेटी ने ड्राफ्ट को सरकार को सौंप दिया। लेकिन पॉलिसी लागू नहीं हो सकी।

उसके बाद साल 1997-98 , 2000, 2005, 2015 और उसके बाद साल 2020 में सरकार ट्रांसफर पॉलिसी का मसौदा लेकर आई थी। कभी सरकारी पॉलिसी लागू नहीं हो पाई। वहीं, इस बार चुनावों के दौरान सरकार ट्रांसफर पॉलिसी का ड्राफ्ट उड़ीसा से लेकर के आई है। जो केवल सरकारी कर्मचारियों के लिए लॉलीपॉप है।

### कर्मचारियों को लुभाने के लिए पॉलिसी

मीणा ने कहा कि भजनलाल सरकार यह ड्राफ्ट लोकसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए केवल कर्मचारियों को लुभाने के लिए लेकर आए हैं। जिस तरह पिछली सरकार ने छोटी लॉलीपॉप दी। अब यह बड़ी लॉलीपॉप दे रहे हैं। भजनलाल सरकार के गठन के बाद सरकार ने कहा था सरकार 30 दिन में नई ट्रांसफर पॉलिसी बना करके देगी। लेकिन वह तय समय पर लागू नहीं हुई। सरकारी टीचर्स ने कहा कि अगर सरकार ने इस बार भी हमारे साथ धोखा किया। तो उन्हें लोकसभा चुनाव के बाद इसका खामियाजा लोकसभा चुनाव के बाद भुगतना पड़ेगा। ऐसा नहीं होने पर प्रदेशभर के सरकारी टीचर्स और कर्मचारी सरकार के खिलाफ आर-पार की लड़ाई लड़ेंगे।

# शाश्वत ध्वनि नाद की पीठ है हृदय केंद्र का अनाहत चक्र




अशोक 'प्रवृद्ध'
स्वतंत्र टिप्पणीकार


नवरात्रि के चौथे दिन नवदुर्गाओं में चतुर्थ स्वरूप कुष्मांडा देवी की आराधना -उपासना की परिपाटी है। इस वर्ष 2024 में वसंतीय नवरात्र का चौथा दिन 12 अप्रैल दिन शुक्रवार को पड़ रहा है। इस दिन देवी भगवती के चतुर्थ स्वरूप भयंकर और उग्र रूप वाली देवी कुष्मांडा की पूजा- उपासना की जाएगी। अपनी मन्द हंसी से अण्ड अर्थात ब्रह्माण्ड को उत्पन्न करने के कारंण इन्हें कुष्मांडा देवी के नाम से जाना जाता है।

कुम्हड़ा, लौकी अर्थात कद्दू को संस्कृत में कुष्मांडा कहते हैं। कुम्हड़ा गोलाकार है। कूम्हड़े की बलि इन्हें प्रिय है। इसीलिए इन्हें कुष्मांडा नाम से संबोधित किया गया है। यहां इसका अर्थ प्राणशक्ति से है - वह प्राणशक्ति जो पूर्ण, एक गोलाकार, वृत्त की भांति है। पौराणिक मान्यतनुसार जब सृष्टि नहीं थी, और चारों ओर अंधकार ही अंधकार था, तब देवी कुष्मांडा ने ही ईषत हास्य से ब्रह्माण्ड की रचना की थी। यह सृष्टि की आदिस्वरूपा हैं, और आदिशक्ति भी। इनका निवास सूर्य मंडल के भीतर के लोक में है। सूर्य लोक में निवास करने की क्षमता और शक्ति केवल इन्हीं में है। इनके शरीर की कांति और प्रभा भी सूर्य के समान ही दैदीप्यमान है। इनके ही तेज और प्रकाश से दसों दिशाएं प्रकाशित हो रही हैं। ब्रह्मांड की सभी वस्तुओं और प्राणियों में अवस्थित तेज इन्हीं की छाया है।

इनकी आठ भुजाएं हैं। इसलिए यह अष्टभुजा देवी के नाम से भी विख्यात हैं। इनके सात हाथों में क्रमशः कमंडल, धनुष, बाण, कमल-पुष्प, अमृतपूर्ण कलश, चक्र तथा गदा है। आठवें हाथ में सभी सिद्धियों और निधियों को देने वाली जपमाला है। इनका वाहन शेर है। वासन्तीय व शारदीय नवरात्र पूजन के चौथे दिन कुष्मांडा देवी के स्वरूप की उपासना की जाती है। इस दिन साधक का मन अनाहत चक्र में अवस्थित होता है। इसलिए इस दिन उसे अत्यंत पवित्र और अचंचल मन से कुष्मांडा देवी के स्वरूप को ध्यान में रखकर पूजा-उपासना के कार्य में लगना चाहिए। उल्लेखनीय है कि अनाहत चक्र तंत्र और योग साधना की चक्र संकल्पना का चौथा चक्र है। अनाहत का अर्थ है -शाश्वत। अनाहत नाद अर्थात शाश्वत ध्वनि, ॐ ध्वनि। यह चक्र हृदय के निकट सीने के मध्य भाग में स्थित है। इसे हृदय केंद्र भी कहा गया है। इसका मंत्र यम है। अनाहत चक्र आत्मा की पीठ अर्थात स्थान है। अनाहत चक्र ध्वनि (नाद) की पीठ है। इस चक्र पर एकाग्रता व्यक्ति की प्रतिभा को कलाकार या रचनाकार के रूप में विकसित करने की क्षमता रखती है। इस चक्र से इच्छा पूर्ति करने में सहायक संकल्प शक्ति का उदय होता है। अनाहत चक्र का रंग हल्का नीला, आकाश का रंग है। इसका समान रूप तत्त्व वायु है। वायु स्वतंत्रता और फैलाव का प्रतीक है। इसका अर्थ है कि इस चक्र में मानव चेतना अनंत तक फैल सकती है। अनाहत चक्र का प्रतीक चिह्न बारह पंखुड़ियों वाला कमल है। यह हृदय के बारह दिव्य गुणों- परमानंद, शांति, सुव्यवस्था, प्रेम, संज्ञान, स्पष्टता, शुद्धता, एकता, अनुकंपा, दयालुता, क्षमाभाव और सुनिश्चय आदि दैवीय गुणों का प्रतीक है। हृदय केंद्र भावनाओं और मनोभावों का केंद्र भी है। इसके दूसरे प्रतीक चिह्न में दो तारक आकार के ऊपर से ढाले गए त्रिकोण बनाए जाते हैं। एक त्रिकोण का शीर्ष ऊपर की ओर और दूसरे का नीचे की ओर संकेत करता है। अनाहत चक्र की ऊर्जा आध्यात्मिक चेतना की ओर प्रवाहित होने पर साधक की भावनाएं भक्ति, शुद्ध, ईश्वर प्रेम और निष्ठा की ओर उन्मुख होती है। और यह सांसारिक कामनाओं की ओर उन्मुख होने पर इच्छा, द्वेष-जलन, उदासीनता और हताशा भाव में वृद्धि होती है।

> "ब्रह्मा के दुर्गा कवच में नवदुर्गा नाम से वर्णित नौ विशिष्ट औषधियों में कुष्मांडा भी शामिल है। कुष्मांडा नामक औषधि से पेठा मिठाई बनती है। इसलिए इस रूप को पेठा कहते हैं, जो पुष्टिकारक, वीर्यवर्द्धक व रक्त के विकार को ठीक कर पेट को साफ करने में सहायक है। इसे कुम्हड़ा भी कहते हैं, जो रक्त विकार और मानसिक रोगों में अमृत समान है। यह शरीर के समस्त दोषों को दूर कर हृदय रोग को ठीक करता है।"

भावनाएं भ्रमित और असंतुलित हो जाती हैं। अनाहत चक्र का प्रतीक पशु कुरंग (हिरण) है, जो अत्यधिक ध्यान देने और चौकन्नेपन का बोधक है। इस चक्र के देवता शिव या पार्वती या विष्णु या लक्ष्मी या ज्योतिर्मय शिवलिंग हैं। शिव चेतना और पार्वती प्रकृति की प्रतीक हैं। इस चक्र में दोनों को सुव्यवस्था में एक हो जाना चाहिए। अनाहत चक्र ध्वनि अर्थात नाद की पीठ होने के कारण इस चक्र पर एकाग्रता व्यक्ति की प्रतिभा को लेखक या कवि के रूप में विकसित कर सकती है।

अनाहत चक्र से उदय होने वाली दूसरी शक्ति संकल्प शक्ति है, जो इच्छा पूर्ति की शक्ति है। किसी इच्छा की पूर्ति करने के लिए उसे अपने हृदय में एकाग्रचित्त करना चाहिए। अनाहत चक्र जितना अधिक शुद्ध होगा उतनी ही शीघ्रता से इच्छा की पूर्ति होगी। पौराणिक ग्रंथों के अनुसार कूम्हड़े की बलि इन्हें प्रिय होने के कारण इन्हें कुष्मांडा नाम से जाना जाता है। कुम्हड़ा अथवा लौकी प्राणशक्ति, बुद्धिमत्ता और शक्ति को वृद्धि करने वाले हैं। कुम्हड़ा व लौकी का यह गुण है कि यह प्राणों को अपने अंदर सोखती है, और साथ ही प्राणों का प्रसार भी करती है। यह इस पृथ्वी पर सबसे अधिक प्राणवान और ऊर्जा प्रदान करने वाली शाक, सब्जी है। अश्वथ अर्थात पीपल के वृक्ष के चौबीस घंटे ऑक्सीजन देने की भांति ही कुम्हड़ा, लौकी ऊर्जा को ग्रहण या अवशोषित कर उसका प्रसार करते है। सम्पूर्ण सृष्टि प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष, अभिव्यक्त व अनभिव्यक्त एक बड़ी गेंद, गोलाकार कुम्हड़ा के समान है। इसमें छोटे से बड़े तक हर प्रकार की विविधता पाई जाती है। कुम्हड़ा में कु का अर्थ है -छोटा, ष् का अर्थ है- ऊर्जा और अंडा का अर्थ है -ब्रह्मांडीय गोला। सृष्टि अथवा ऊर्जा का छोटा सा वृहद ब्रह्मांडीय गोला। सम्पूर्ण ब्रह्माण्ड में ऊर्जा का संचार छोटे से बड़े में होता है। यह बड़े से छोटा होता है, और छोटे से बड़ा।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

## पुण्यतिथि पर विशेष

# मिट्टी-मिठास के कवि रामावतार त्यागी




अरविंद जयतिलक
स्वतंत्र टिप्पणीकार


जब भी साहित्य सर्जना के समावेशी इंकलाबी बीज को देश व समाज के उर्वर अंतस्थल में रोपने-सहेजने और उसे वट-वृक्ष की तरह आकार देकर संवारने वाले लोगों की गणना होगी, उस विराट साहित्य संसार में कवि रामावतार त्यागी महानायक की तरह नजर आएंगे। उनकी साहित्यिक सर्जना की अपराजेय जिजीविषा भाव और गीतों के बरक्स समतामूलक समाज गढ़ने और अपने सतरंगी स्वर के जरिए राष्ट्रीय एकता, अखण्डता और समानता की स्थापना और नैसर्गिक मूल्यों को स्थापित करने की उत्कट आकांक्षा के तौर पर याद की जाएगी। उनके सुमधुर गीतों से निकली गूंज को दबे-कुचले वंचितों, शोषितों एवं पीड़ितों की आवाज के तौर पर समझा जाएगा। साहित्य के जरिए सर्वजन की चेतना को मुखरित करना कोई महान रचनाधर्मी ही कर सकता है। वैसे ही हैं कवि रामावतार त्यागी जो न केवल साहित्य साधना के ऋषि भर हैं, बल्कि अदभुत क्षमता से आबद्ध व ऊर्जा से लबरेज नई पीढ़ी के लिए प्रेरणास्रोत भी हैं। कवि रामावतार त्यागी को समझने के लिए तत्कालीन समाज की बुनावट, उसकी स्वीकृतियां, विसंगतियां एवं धारणाओं को समझना आवश्यक है।

ऐसा इसलिए कि उन्होंने समय की मुख्य धारा में व्याप्त द्वेष, नैराश्य, हिंसा, प्रति हिंसा के विरुद्ध तनकर खड़ा होने और उसे बदलने के बदले में हर प्रवृत्तियों के ताप को ईमानदारी से सहा। शब्दों के हथियार रूपी विचारों के बल से मूल चेतना को भंग करने वाले छल को हराया। अपने गीतों के जरिए मातृभूमि और हाशिए पर खड़े लोगों को आवाज दी। जिस तरह कोई साहित्य सर्जक अपने विचारों को तार्किक आयाम देने के लिए हर जोखिम उठाने की ताकत और हिम्मत रखता है, ठीक उसी तरह कवि रामावतार त्यागी ने इंकलाबी बदलाव के लिए अपने गीत रूपी बीजों को बदलाव का हथियार बनाया। अगर कहा जाए कि उनके गीत समय के साथ मुठभेड़ करते नजर आए तो यह तनिक भी अतिश्योक्ति नहीं होगी। उन्होंने अपने शब्द, सुर, लय और ताल रूपी बीजों का प्रकीर्णन कर साबित किया कि एक बड़े वृक्ष की संभावना छोटे से बीज में ही निहित होती है। जिस सहजता से भगवान शिव ने समुद्र मंथन से निकलने वाले हलाहल को पीया और जगतकल्याण की कामना की ठीक उसी प्रकार रामावतार त्यागी ने साहित्य मंथन से प्रस्फुटित आलोचना-समालोचना के ताप-विष को सहजता से सहा और पीया। साहित्य के इस नीलकंठ कवि को दुनिया ने सराहा भी। हर किसी साहित्य सर्जक में सर्जना के जरिए देश व समाज के गुणसूत्र को बदलने का माद्दा नहीं होता, लेकिन कवि रामावतार त्यागी ने अपने गीतों के जरिए न केवल परंपरागत मूल्यों और सनातनी मान्यताओं को सहेजा बल्कि कबीर की तरह पुरातनपंथी धारणाओं पर हमला बोलने से भी गुरेज नहीं किया।

> "कवि रामावतार त्यागी का रचना संसार जीवन के विविध पक्षों को समेटे हुए है। उनके रचना संसार के अंतर्मन में एक ओर साहसिक बदलाव की भगीरथ बेचैनी है तो वहीं, दूसरी ओर मातृभूमि के लिए सब कुछ न्यौछावर करने की भीष्म प्रतिज्ञा भी है। उनकी कालजयी रचनाओं की उपयोगिता-प्रासंगिता न सिर्फ उन्हें हिंदी पाठ्यक्रम में शोभायमान किया है, बल्कि हिंदी पाठ्यक्रम को भी समृद्ध होने का अवसर दिया है।"




इस अर्थ में सरस्वती के सच्चे साधक रामावतार त्यागी कबीर ही नजर आते हैं। जिस तरह कबीर की शैली आमजन को खूब भाती है ठीक उसी तरह से आमजन के नीलकंठ कवि रामावतार त्यागी की भी शैली लोगों को भायी। कहते हैं न कि योगी और साधु कहीं ठहरते नहीं हैं। अगर उनका शरीर ठहर भी जाए तो मन और संकल्प सदैव प्रवाहमान होते हैं। साहित्य के योगी कवि रामावतार त्यागी का शरीर भले ही शहरी जीवन से बंधा रहा, लेकिन उनका मन और चेतना सदैव गांव की मिट्टी की मिठास और दर्द को समेटे-सहेजे रहा। गांव की निश्छल सहजता और प्रकृति की सुमधुरता उन्हें अनायास आकर्षित करती रही। आखिरकार शहरी जीवन से उबते हुए लिख ही डाला कि- 'मैं तो तोड़ मोड़ के बंधन अपने गांव चला जाऊंगा, तुम आकर्षक संबंधों का आंचल बुनते रह जाओगे।' उनका यह गीत बंधन और वर्जनाओं को तो तोड़ता ही है साथ ही चुनौतियों को भी ललकारता है। यह अदम्य साहस ही उन्हें साहित्य का महावीर बनाता है।

कवि रामावतार त्यागी को बनावटी-दिखावटी जीवन से सख्त ऐतराज था। वे नैसर्गिक मूल्यों के पक्षपाती और प्रकृति पुत्र थे। लिहाजा उनके गीतों में प्रकृति की हर धरोहर चाहे वह ध्वंस-निर्माण के रूप में हो अथवा प्रस्फुटन-बिखराव के रूप में सहज भाव को समेटे हुए है। उनके गीतों से प्रवाहित शब्द मानवता के बीच उठे दीवारों को तोड़ते और अत्याचार के घड़े को फोड़ते नजर आते हैं। उनके शब्द काल के कपाल पर सत्यमेव जय लिखते हैं। निष्काम भाव से शब्दों को उछालना, संवारना और फिर निर्विकार भाव से व्यवस्था में व्याप्त विद्रुपता पर प्रहार करना उनकी अपराजेय साधना का मूल मंत्र रहा है। यहीं कारण है कि उनकी रचनाओं ने उन्हें अमरत्व की कतार में खड़ा कर दिया। उनका एक गीत फिल्म 'जिंदगी और तूफान' (1975) का बहुत ही प्रसिद्ध है-'एक हसरत थी कि आंचल का मुझे प्यार मिले, मैने मंजिल को तलाशा मुझे बाजार मिले, तेरे दामन में बता मौत से ज्यादा क्या है? जिंदगी और बता तेरा इरादा क्या है?

कवि रामावतार त्यागी का यह गीत न केवल उनके हृदय में चल रहे भावी भारतीय समाज के निर्माण को बदलने के द्वंद को उद्घाटित करता है, बल्कि समाज की वेदना को उकेरता हुआ निराशा के भंवर से बाहर निकल काल से मुठभेड़ करने के लिए भी प्रेरित व रोमांचित करता है। वे गीतों के जरिए जिंदगी से सवाल पूछते हैं कि बता तेरे दामन में मौत से ज्यादा क्या है। उनका यह सवाल एकांगी नहीं बल्कि सभी का है। यह वह समय था जब भारत राष्ट्र लोकतंत्र की बुनियाद को मजबूत करने के लिए अपने जीवन को होम करने पर आतुर था। हाशिए पर खड़े लोग अपने अधिकारों के लिए तूफान से भिड़ने को तैयार थे। साहित्य संसार के तरकश से शब्दों के बाण निकल रहे थे। इस परिवेश से भला आमजन का कवि रामावतार त्यागी खुद को कैसे अलग रख सकते थे। लिहाजा उन्होंने ने भी अपने गीतों के जरिए लोगों के साहस में अदम्य उर्जा का संचार करना शुरू कर दिया।

गौर करें तो साहित्य व सिनेमा का यह वह दौर था जिसके जरिए देश व समाज के नजरिए में बदलाव के मंत्र लिखे जा रहे थे। कवि रामावतार त्यागी के गीत उस बयार के संवाहक बने। उनके गीत से प्रस्फुटित शब्द शोषण से मुक्ति और सार्थक अभिव्यक्ति के प्रवाह का पैमाना बना। सच कहें तो इसी पैमाने को साहित्य सर्जकों ने प्रगतिवाद नाम दिया। जिस प्रगतिवाद की गंगा को साहित्य के आंचल में उतारने का काम सुमित्रानंदन पंत और निराला ने किया, उस धारा को निर्मल और आचमन युक्त बनाने का बीड़ा कवि रामावतार त्यागी ने उठाया। उन्होंने अपने शब्दों के तीर से समाज की विद्रुपता और निर्लज्जता को साहस से उछाला और अवैध संतान पैदा करने वालों और फिर उस संतान को सभ्य समाज द्वारा ठोकरे मारने वालों को कटघरे में खड़ा किया। बौद्धिक चिंतन प्रवाह से उपजे गीतों के जरिए समाज को सच से सामना कराया।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

## व्यंग्य

# चुनावी गारंटी: कला और विज्ञान




प्रकाश हेमावत
व्यंग्यकार


चुनावी गारंटी चुनाव में राजनीति में कलां है या विज्ञान है समझ गए ना मैं क्या कहना चाहता हूं। अक्सर मेरे राहुल भैया के मुंह से राजनीति के बारे में यह सुनता रहता हूं कि राजनीति कलां है और इसे विज्ञान भी कह सकते हैं। राजनीति विज्ञान है यह भी सत्य है, क्योंकि इसमें तरह-तरह के प्रयोग किए जाते हैं दल से दल बदलकर दल बनाना या दल दल होकर दल-दल होना या फिर एक-एक को एक-एक करके एक दल और बनाना यह किसी सत्य से काम नहीं है। राजनीति में अद्भुत अलौकिक कला है, क्योंकि जो इस कला में जितना अधिक माहिर है वह उतना ही आगे बढ़ता जाएगा चाहे वह सूट बूट में हो या करोड़ की घड़ी पहनने वाला हो या अपने अचकन में कोई गुलाब लगता हुआ हो।

या फिर उड़न खटोला में इधर तो उधर घूमता रहे। राजनीति की कला जब किसी धर्म में चलती है तो उसमें सामाजिक विज्ञान का दर्शन अवश्य होता है। इसलिए भाईयों बहनों अबकी बार चुनावी फिल्म के चार सौ देखना है। (12 से 3, 3 से 6, 6 से 9, 9 से 12) अब यह इस बात से सिद्ध होता है कि अपनी राजनीति को अपनी कला से कैसे दिखाना यह नामों दादा की तरफ से देखने में आया। बोलो राहुल भैया देखने में आया कि नहीं।

राजनीति समझे बिना राजनीति करना एक राजनीति हो सकती है, लेकिन सफल राजनीति नहीं हो सकती है। राहुल भैया राजनीति कला है, विज्ञान है। यह अच्छी तरह से जानते, समझते हैं लेकिन राजनीति में कब कहां किस वक्त अपनी कला का प्रदर्शन किस प्रकार करके किसी के सामने मन की बात कहना, करना है, कैसे दिखाना इस बारे में वह कलाकार नहीं बन पाए, शायद यही वजह हो सकती है कि वह अपनी पार्टी के लिए संघर्षरत नजर आ रहे हैं, लेकिन वह अभी बहू मत से कोसों दूर हैं और विज्ञान के माध्यम से वह अपनी राजनीति का ज्ञान किसी को बांटना चाहते हैं तो अपने मुंह से न जाने कौन-कौन से विज्ञान का ज्ञान प्रकट कर देते हैं यहां तक कि प्रयोग करके दिखा देते हैं जैसे उदाहरण के तौर पर आलू से सोना बनाना आदि आदि यह बात अलग है कि, विज्ञान का प्रयोग कला से कुछ अलग हो जाता है। इसलिए यह सफल नहीं हो पाता है क्योंकि कला तो कला होती है, बोलना भी एक प्रकार की कला है। विज्ञान विज्ञान होता है इसमें सिद्ध करना पड़ता ऑक्सीजन ऑक्सीजन है कार्बन डाइऑक्साइड कार्बन डाइऑक्साइड है। आप तो पायलट प्रोजेक्ट की तरह चुनाव के समय अपने परिवार को किसी बात की गारंटी देना यह गारंटी वाली अच्छी बात है। चुनावी जीत के लिए अगर कोई किसी से "हाथ" मिलाकर "झाड़ू" निकालने की बात करता है तो अच्छी बात है और ईडी के कर "कमलों" द्वारा किसी मदमस्त "हाथी" को काबू में करके ममता को माया में फांस कर आम आदमी को किसी "वाहन" या "साइकिल" से आगे निकलना बढ़िया है। किसी दिग्गज चक्रवर्ती राजनीतिज्ञ महाराजा दिग्विजय की तरह एक अच्छी शुभ घड़ी में अगर चिराग को ईमानदारी के साथ घिस दे तो यह निश्चित है कि मतदाता अपने मन की बात इस बार फिर डंके की चोट कहेंगे...। इसलिए चुनावी गारंटी चुनाव में आवश्यक रूप से सुनाई देगी राजनीति की कला अपनी जगह है और राजनीतिक विज्ञान अपनी जगह है।

## X



**भजनलाल शर्मा**, मुख्यमंत्री, राजस्थान
@BhajanLalBJP
डबल इंजन की भाजपा सरकार से खुला राजस्थान में ERCP के जल का रास्ता...



**दीया कुमारी**, उपमुख्यमंत्री, राजस्थान
@KumariDiya
देश के प्रधान सेवक, विश्व पटल पर भारत का नाम बढ़ाने वाले यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी का शौर्य, त्याग, पराक्रम की भूमि राजस्थान आगमन पर हार्दिक स्वागत व अभिनंदन।

## नॉलेज कॉर्नर: न्यूक्लियर बम की भयावहता से वाकिफ है पूरा विश्व

# परमाणु हमले की आशंका से चिंतित दुनिया

दुनिया के इतिहास में पहली और आखिरी बार परमाणु बमों का इस्तेमाल दूसरे विश्वयुद्ध में हुआ था जब अमेरिका ने जापान के दो शहरों हिरोशिमा और नागासाकी पर 6 और 9 अगस्त 1945 को हमला किया था। दोनों शहर लगभग पूरी तरह तबाह हो गए। डेढ़ लाख से अधिक लोगों की पल भर में जान चली गई और जो बच गए वो अपंगता के शिकार हो गए। दूर-दूर तक के इलाकों में घंटों काली बारिश होती रही और रेडियोएक्टिव विकिरण ने जिंदादिली से भरे इन दोनों शहरों में कहर बरपा दिया। चारों तरफ मौत का मंजर पसरा था। परमाणु क्षमता रखने वाले देशों में जब भी जंग की स्थिति होती है उस समय पूरी दुनिया चिंता में पड़ जाती है। विस्तार से जानते हैं आज के नॉलेज कॉर्नर में...

### जब सूरज की चमक भी पड़ गई थी धुंधली

जब पहली बार परमाणु बम का अविष्कार करने वाले ओपेनहाइमर ने अपने 21 किलोटन टीएनटी की ताकत वाले परमाणु बम की जांच के लिए उसका विस्फोट किया था, उस समय सूरज की चमक भी धुंधली सी पड़ गई थी। इस विस्फोट को 160 किलोमीटर दूर तक महसूस किया गया था। वहीं जहां ये परमाणु बम गिरा था वो एरिया पूरी तरह खत्म हो गया था। उस जगह और उसके आसपास के क्षेत्र में गहरा गड्ढा हो गया था। वहीं इसकी आवाज से हर कोई कांप जाता है।



### विस्फोट बाद का नजारा

एक वीडियो में साफ नजर आ रहा है कि न्यूक्लियर बम गिरने के बाद समुद्र में चारों तरफ नीले पानी के बीच अचानक एक दिल दहलाने वाला विस्फोट हो जाता है। ये विस्फोट इतना पॉवरफुल है कि समंदर के कई किलोमीटर का दायरा इसकी चपेट में आता नजर आ रहा है। इस वीडियो में नजर आ रहा है कि आसपास मौजूद नाव के चिथड़े उड़ गए हैं। वीडियो में दिख रहा है कि उसके आसमान का माहौल पूरा काले धूएं से भर गया है। सोचिए जब टेस्ट इतना खौफनाक है, तो असल में न्यूक्लियर अटैक होने पर तो लोगों और वहां की रिहायशी इलाकों का कितना बुरा हाल हो सकता है, इसकी कल्पना ही की जा सकती है।

**ऐसे होता है परमाणु विस्फोट**

*परमाणु हमला जब होता है तो वो कितना भयानक होता है। ये उसका वीडियो देखकर ही अंदाजा लगाया जा सकता है। दरअसल परमाणु हमले के समय उस जगह से धूल का बड़ा गुबार निकलता है। बहुत दूर तक इसका असर देखने को मिल जाता है।*

कंटेंट: कुलदीप सिंह जादौन

कवर पेज पर छपने वाले इंदिरा गांधी के बाद दूसरे भारतीय प्रधानमंत्री, इंटरव्यू में चीन और पाकिस्तान पर की खुलकर बात

# अमेरिकी मैगजीन न्यूजवीक के कवर पेज पर छाए प्रधानमंत्री मोदी

एजेंसी | नई दिल्ली

अमेरिका के मशहूर वीकली मैगजीन न्यूजवीक ने अपने कवर पेज पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जगह दी है। इंदिरा गांधी के बाद नरेंद्र मोदी दूसरे भारतीय प्रधानमंत्री हैं, जिन्हें न्यूजवीक ने अपने कवर पेज पर जगह दी है।

इस इंटरव्यू में पीएम मोदी ने चीन और पाकिस्तान पर खुलकर बात की। साथ ही भारत के भविष्य के रोडमैप पर बात की। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत के लिए चीन के साथ रिश्ते अहम हैं। मेरा मानना है कि हमें अपनी सीमाओं पर लंबे समय से चल रही स्थिति पर तत्काल ध्यान देने की जरूरत है, ताकि हमारी द्विपक्षीय बातचीत में असामान्य स्थिति खत्म हो सके। भारत और चीन के बीच स्थिर और शांतिपूर्ण संबंध न केवल हमारे दोनों देशों के लिए बल्कि पूरे क्षेत्र और दुनिया के लिए अहम हैं। मुझे आशा और विश्वास है कि राजनयिक और सैन्य स्तरों पर सकारात्मक और रचनात्मक द्विपक्षीय जुड़ाव से हम अपनी सीमाओं पर शांति और स्थिरता



बहाल करने और बनाए रखने में सक्षम होंगे। पीएम मोदी ने कहा कि अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, जापान, भारत और चीन कई समूहों के सदस्य हैं। क्वाड का उद्देश्य किसी देश के खिलाफ नहीं है।

### क्वाड पर यह बोले

पीएम ने कहा कि, इंडो-पैसिफिक क्षेत्र ग्लोबल ट्रेड, इनोवेशन और डेवलपमेंट का इंजन है और इंडो-पैसिफिक की सुरक्षा न केवल क्षेत्र के लिए, बल्कि दुनिया के लिए महत्वपूर्ण है। क्लाइमेट एक्शन, डिजास्टर मैनेजमेंट, रणनीतिक तकनीकें, विश्वसनीय सप्लाई चेन, स्वास्थ्य सुरक्षा, समुद्री सुरक्षा और काउंटर टेररिज्म क्षेत्रों में भारत-प्रशांत में साझा प्रयासों और विकास परियोजनाओं के कार्यान्वयन के जरिए क्वाड और समावेशी इंडो-पैसिफिक देश एक स्वतंत्र, खुला दृष्टिकोण पेश कर रहे हैं।

### पाकिस्तान पर भी रखा पक्ष

पाकिस्तान पर पीएम मोदी ने कहा कि मैंने पाकिस्तान के प्रधानमंत्री को पद संभालने पर बधाई दी है। भारत ने हमेशा अपने क्षेत्र में आतंक और हिंसा से मुक्त माहौल में शांति, सुरक्षा और समृद्धि को आगे बढ़ाने की वकालत की है। मैं पाकिस्तान के आंतरिक मामलों (इमरान खान की कैद के बारे में) पर टिप्पणी नहीं करूंगा।

### टेक्नोलॉजी बना रही विकसित भारत

भारत टेक्नोलॉजी के कई क्षेत्र में शानदार काम कर रहा है। देश के विकास के लिए तकनीक का विकास जरूरी है। पीएम नरेंद्र मोदी बहुत पहले ही कह चुके है कि वो भारतीय नौजवानों को नौकरी मांगने वाला नहीं, बल्कि नौकरी देने वाला बनाना चाहते हैं। देश के नौजवानों ने जॉब क्रिएटर बनने का रास्ता चुना है। नई ऊर्जा और नए उत्साह के साथ आधुनिक तकनीक की पीठ पर सवार भारत अपने लिए विकसित भारत के लक्ष्य को करीब पा रहा है। वहीं, स्वास्थ्य कृषि से लेकर शिक्षा तक के क्षेत्र में एआई का भरपूर इस्तेमाल होने लगा है। पीएम मोदी ने बिल गेटस ने कहा था कि हमारे यहां बच्चा पैदा होता है तो एआई भी बोलता है। पीएम मोदी को यकीन है की एआई का दायरा चौथी औद्योगिक क्रांति का सबब बन सकता है और उससे भारत को बहुत फायदा होगा। पीएम मोदी पहले ही टेक्नोलॉजी से विकसित भारत का रास्ता बनेगा।

## तीसरे चरण के लिए नामांकन आज से



**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव-2024 के तीसरे चरण के लिए नामांकन शुक्रवार से शुरू होंगे। इस चरण में 12 राज्यों की 94 संसदीय सीटों पर 7 मई को मतदान होना है। वहीं, तीसरे चरण के चुनाव के लिए नामांकन दाखिल करने की अंतिम तारीख 19 अप्रैल है। नामांकन वापस लेने की अंतिम तारीख 22 अप्रैल है। तीसरे चरण में जिन राज्यों में मतदान होना है। उनमें मध्य प्रदेश, असम, बिहार, छत्तीसगढ़, दादर-नगर हवेली, दमन और दीव, गोवा, गुजरात, जम्मू-कश्मीर, कर्नाटक, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल शामिल हैं। लोकसभा चुनाव सात चरणों में कराए जा रहे हैं। पहले चरण के लिए 19 अप्रैल को वोट डाले जाएंगे। दूसरे चरण के लिए 26 अप्रैल, तीसरे चरण के लिए 7 मई, चौथे चरण के लिए 13 मई, पांचवें चरण के लिए 20 मई, छठे चरण के लिए 25 मई, सातवें और आखिरी चरण के लिए 1 जून को वोटिंग होनी है।

## बसपा को झटका एक और सांसद ने दिया इस्तीफा

**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव की सरगर्मियों के बीच नेताओं का दलबदल जारी है। उत्तर प्रदेश में बहुजन समाज पार्टी को एक और बड़ा झटका लगा है। पार्टी सांसद मलूक नागर बसपा छोड़कर राष्ट्रीय लोकदल में शामिल हो गए हैं। बसपा सांसद गुरुवार को जयंत चौधरी के आवास पर पहुंचे और रालोद की सदस्यता ग्रहण की। जयंत चौधरी के एनडीए में जाने के बाद और चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न दिए जाने के बाद नागर जयंत चौधरी को मुबारकबाद देने भी गए थे। इसके बाद से ही कयास लगाए जा रहे थे कि वह रालोद में शामिल हो सकते हैं। 2019 के लोकसभा चुनाव में बसपा ने 10 सीटें जीती थीं।

लोकसभा चुनाव: एमपी से गृह मंत्री ने कांग्रेस को चेताया

# कभी सत्ता में आए तो धारा 370 को हाथ मत लगाना: अमित शाह

एजेंसी | मंडला

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मध्य प्रदेश के मंडला में चुनावी रैली की है। चुनावी सभा के दौरान के उन्होंने मंडला से बीजेपी उम्मीदवार फग्गन सिंह कुलस्ते के लिए वोट मांगे हैं। साथ ही अपनी सरकार के कामों को गिनाया है। अमित शाह ने मंडला की जनता को बताया है कि हमारी सरकार ने आदिवासियों के लिए क्या काम किया है। इसके साथ ही उन्होंने धारा 370 को लेकर कांग्रेस पर निशाना साधा है।

शाह ने कहा है कि सत्ता में आने के बाद भी धारा 370 को हाथ मत लगाना। इसके साथ ही गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि कांग्रेस सपने में भी सत्ता में नहीं आएगी। उन्होंने कहा कि अगर कभी-कभार सत्ता में आ भी गए तो धारा 370 को कभी हाथ मत लगाना। यह भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं की मेहनत है।

पहले पाकिस्तान से इस देश में कोई भी घुस जाता था। बम धमाके के बाद भी मनमोहन सिंह कुछ नहीं करते थे। नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद भी आतंकवादी बाज नहीं आए, ऊरी और पुलवामा में हमला किया है। हमने 10 दिन में ही उनके घर में घुसकर सफाया कर दिया।

- गृह मंत्री ने मध्यप्रदेश के मंडला में की चुनावी रैली
- परिवारवाद को लेकर इंडिया गठबंधन को घेरा



### शाह बोले- कांग्रेस ने आदिवासियों को छला

इसके साथ ही गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि नरेंद्र मोदी ने ओड़िशा की गरीब आदिवासी महिला को देश का महामहिम बनाया है। कांग्रेस पार्टी ने हमेशा देश के गरीब आदिवासियों को छलने का काम किया है। उन्होंने कहा कि अटल जी की सरकार ने जनजाति मंत्रालय बनाने का काम किया। नरेंद्र मोदी की सरकार बिरसा मुंडा की जयंती पर जनजातीय गौरव दिवस मनाने का फैसला किया। मध्य प्रदेश में शिवराज सिंह चौहान ने पेशा एक्ट लागू किया। अब मोहन यादव आगे बढ़ा रहे हैं।

### परिवारवाद पर साधा निशाना

इसके साथ ही इंडिया गठबंधन की पार्टियों को गृह मंत्री अमित शाह ने परिवारवाद को लेकर घेरा है। उन्होंने कहा कि इनलोगों ने अपने परिवार को आगे बढ़ाने का काम किया है। कांग्रेस के लोग चाहते हैं कि उनका बेटा-बेटी आगे बढ़ें। ममता बनर्जी अपने भतीजे को मुख्यमंत्री बनाना चाहती हैं। शरद पवार अपनी बेटी को मुख्यमंत्री बनाना चाहते हैं। स्टालिन अपने बेटे को सीएम बनाना चाहते। सोनिया जी, राहुल जी को प्रधानमंत्री बनाना चाहते हैं। अमित शाह ने पूछा कि जो लोग अपने बेटा, बेटी और भतीजे को आगे बढ़ाना चाहते हैं, वह आपका सोच सकते हैं क्या?

सिक्किम के लिए जारी किया घोषणा पत्र

## उत्तर पूर्व का विकास कर रहे मोदी: नड्डा

**सिक्किम।** सिक्किम विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा ने आज अपना घोषणा पत्र जारी कर दिया है। सिक्किम की राजधानी गंगटोक में पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा ने पार्टी का घोषणा पत्र जारी किया। इस दौरान जेपी नड्डा ने कहा कि प्रधानमंत्री उत्तर पूर्व के विकास के लिए लगातार काम कर रहे हैं। उनका विजन है कि देश के हर कोने से कनेक्टिविटी रहनी चाहिए। नड्डा ने कहा कि बीते 10 वर्षों में सिक्किम में आए बदलावों को आप खुद देख सकते हैं। सिक्किम की 32 विधानसभा सीटों और एक लोकसभा सीट पर 19 अप्रैल को मतदान होना है। जेपी नड्डा ने कहा कि आपको जानकर




खुशी होगी कि मोदी जी के द्वारा पूर्वोत्तर में पांच लाख करोड़ रुपए, पिछले 10 वर्षों में खर्च किए गए हैं। पिछली सरकार ने उत्तर पूर्वी राज्यों को उनके हाल पर छोड़ दिया था। कांग्रेस का काम करने का यही तरीका है। प्रधानमंत्री बनने के बाद पीएम मोदी ने ही लुक ईस्ट, एक्ट ईस्ट और एक्ट फास्ट, एक्ट फर्स्ट नीति बनाई।

### मुख्यधारा में आना चाहिए लोगों को

नड्डा ने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा सिक्किम में करीब 55 हजार करोड़ रुपए के प्रोजेक्ट्स का उद्घाटन और शिलान्यास किया गया है। सिक्किम के लोगों को मुख्यधारा में आना चाहिए और क्षेत्रीय पार्टियों को अलविदा कह देना चाहिए।

रक्षामंत्री ने कांग्रेस पर बोला हमला

## भाजपा 24 कैरेट सोना तो कांग्रेस जंग लगा लोहा

### भारत एयरस्ट्राइक करता है और ये प्रमाण मांगते हैं



**सतना/रीवा।** मध्य प्रदेश में चुनावों की हलचल दिन प्रतिदिन तेज हो रही है। भाजपा के चुनावी प्रचार को धार देने दिग्गज नेता पहुंच रहे हैं। गुरुवार को रक्षामंत्री राजनाथ सिंह सतना और रीवा में थे। उन्होंने जनसभा में कांग्रेस पर हमला बोला। उन्होंने कांग्रेस को जंग लगा लोहा कहा तो भाजपा को 24 कैरेट का सोना बताया है। सतना के नागौद के अगोल मैदान में गुरुवार रक्षामंत्री राजनाथ सिंह जनसभा को संबोधित करने पहुंचे थे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के पास 50 साल का समय कम था, जो ये भारत को शिखर तक नहीं ले जा सके। भाजपा 24 कैरेट सोना है। हम जो कहते हैं, वो करते हैं। हम भारत को विश्व की अर्थशक्ति बनाएंगे। कांग्रेस की स्थिति तो जंग लगा लोहा जैसी स्थिति हो गई है। कांग्रेस के लोगों को थोड़ी तो हया होनी चाहिए। भारत एयरस्ट्राइक करता है और ये हमसे प्रमाण मांगते हैं। अरब के पांच मुस्लिम देशों ने पहली बार अपना सबसे बड़ा सम्मान हमारे प्रधानमंत्री को दिया है। कांग्रेस वाले हिन्दू-मुसलमान कर पीएम को बदनाम करने की कोशिश करते हैं। हम रामराज्य किसे कहते हैं, जब अधिकार बोध की बजाय कर्तव्य का बोध हो।

कांग्रेस सांसद का बीजेपी पर वार

## भाजपा ने किया चाय बागान घोटाला: गोगोई

### मजदूरों के भविष्य को बनाया अंधकारमय

एजेंसी | गुवाहटी

कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई ने भाजपा पर असम में चाय बागान घोटाला करने का आरोप लगाया है। उन्होंने बताया कि असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा, केंद्रीय मंत्री और भाजपा के करीबी राज्य के दिवालिया चाय बागानों को खरीदकर उसे बेच रहे हैं। उन्होंने आगे बताया कि रातोरात उन जमीनों पर अलग-अलग निर्माण किया जा रहा है। गौरव गोगोई ने इसे चुनावी बॉन्ड से भी बड़ा घोटाला बताया है। कांग्रेस सांसद ने कहा, यह जो चल रहा है इससे चाय बागान के श्रमिकों को अंधकारमय भविष्य का सामना करना पड़ रहा है। उनमें से हजारों लोग रोजगार की सुविधा से वंचित हो गए हैं। इस मुद्दे पर सीएम, ओएसडी, उनके राजनीतिक विशेषज्ञ और भाजपा के प्रवक्ता को संदेश भेजा गया है, लेकिन इन आरोपों पर फिलहाल कोई प्रतिक्रिया नहीं दी गई है। एक साक्षात्कार के दौरान गौरव गोगोई ने कहा, पिछले कुछ वर्षों में कई सारे चाय बागान बंद हो गए। कई तो दिवालिया हो गए। कई चाय बागानों के मालिक बदल गए। भाजपा के करीबी और भाजपा मंत्रियों के रिश्तेदार उन चाय बागानों को खरीद रहे हैं।



### कांग्रेस सांसद की चेतावनी

कांग्रेस सांसद ने चेतावनी देते हुए कहा कि यह चाय बागानों के मजदूरों का निराशाजनक भविष्य है। अगर यह ऐसे ही चलता रहा तो कई लाख मजदूर बिना मजदूरी के सड़कों पर रहने को मजबूर हो जाएंगे। जोरहाट निर्वाचन क्षेत्र से गौरव गोगोई कांग्रेस उम्मीदवार के तौर पर चुनाव लड़ने वाले हैं। इस क्षेत्र से उनका भाजपा से मौजूदा सांसद तोपोन कुमार गोगोई से होने वाला है।

### BJP पर निशाना

गोगोई ने कहा कि भाजपा की राजनीति पैसा और शक्ति है। जब मैं गांव, चाय बागान और आदिवासी महिलाओं से मिला, वे सभी निराश थीं। महिलाओं को लगता है कि भाजपा उनसे झूठे वादे करती है। उन्हें विभिन्न परियोजनाओं का केवल लालच दिलाती रही है।

भाजपा पर लगाए गंभीर आरोप

## सिन्हा ने कच्चातिवु को बताया चुनावी मुद्दा

**नई दिल्ली।** हाल ही में तमिलनाडु में भाजपा और नरेंद्र मोदी के कच्चातिवु द्वीप को भारत में शामिल करने के बयान के बाद से कई नेताओं की प्रतिक्रिया आना शुरू हो गई है। पूर्व केंद्रीय मंत्री यशवंत सिन्हा ने कहा कि भारत-श्रीलंका के रिश्तों के बारे में सोचे बिना ही भाजपा ने इसे चुनावी मुद्दा बना दिया है। पूर्व केंद्रीय मंत्री यशवंत सिन्हा ने कहा कि बिना भारत-श्रीलंका के रिश्तों के बारे में सोचे बिना इस मुद्दे को उठाना तो सिर्फ चुनावी मुद्दा ही है।

जब समुद्री, अंतरराष्ट्रीय समुद्री रेखा खींची गई, तब कच्चातिवु द्वीप श्रीलंका की समुद्री सीमा के हिस्से में पड़ता था, इसलिए इसे श्रीलंका को सौंपा गया था। लेकिन अब इस मुद्दे को स्वयं प्रधानमंत्री द्वारा उठाया जाना महज चुनावी मुद्दा है। क्योंकि इससे भारत और श्रीलंका के रिश्तों पर प्रभाव पड़ेगा।

विदेश मंत्री ने आइजोल में भाजपा का घोषणा पत्र किया जारी

# भारत-म्यांमार सीमा पर सुरक्षा के होंगे कड़े प्रबंध: जयशंकर

एजेंसी | आइजोल

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने गुरुवार को आइजोल में भाजपा का घोषणापत्र जारी किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि सरकार देश की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देती है। उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार ने भारत-म्यांमार सीमा पर बाड़ लगाने और मुक्त आवाजाही व्यवस्था को समाप्त करने का फैसला किया है।

पत्रकारों से बात करते हुए विदेश मंत्री ने कहा कि हमारे देश की सुरक्षा, मिजोरम सहित हमारे राज्यों की सुरक्षा के लिए हमें कुछ सावधानियां बरतने की जरूरत है। हालांकि, फिलहाल हम




जो सावधानियां बरत रहे हैं, वह एक निश्चित स्थिति के जवाब में है। उन्होंने आगे कहा कि हमारा पड़ोसी अभी एक गंभीर संकट के दौर से गुजर रहा है। मालूम हो कि म्यांमार में फरवरी 2021 में सैन्य तख्तापलट हुआ था, तब से लेकर अब तक यह देश गंभीर संकट का सामना कर रहा है। तख्तापलट होने के बाद से ही म्यांमार के हजारों लोगों ने विभिन्न उत्तर-पूर्वी राज्यों, खासकर मिजोरम में शरण ली है।

### FMR के तहत मिलती है यह अनुमति

केंद्र ने फरवरी में भारत-म्यांमार सीमा पर बाड़ लगाने और दोनों देशों के बीच मुक्त आवाजाही व्यवस्था को खत्म करने का फैसला किया। एफएमआर भारत-म्यांमार सीमा के करीब रहने वाले लोगों को बिना वीजा के एक-दूसरे के क्षेत्र में 16 किमी तक जाने की अनुमति देता है। भारत म्यांमार के साथ 1,643 किलोमीटर लंबी सीमा साझा करता है और विशेष रूप से मिजोरम, पड़ोसी देश के साथ 510 किलोमीटर लंबी सीमा साझा करता है। मिजोरम विधानसभा ने 28 फरवरी को भारत-म्यांमार सीमा पर बाड़ लगाने और एफएमआर को खत्म करने के केंद्र के फैसले के विरोध में एक प्रस्ताव पारित किया था। इससे पहले, मुख्यमंत्री लालडुहोमा ने कहा था कि उनकी सरकार ने अंतरराष्ट्रीय सीमा पर बाड़ लगाने और एफएमआर को खत्म करने के विचार का कड़ा विरोध किया है, लेकिन अगर मिजोरम सरकार अपनी योजना पर आगे बढ़ती है तो केंद्र का विरोध करने का उसके पास कोई अधिकार नहीं है।

### सावधानी बरतने की जरूरत

विदेश मंत्री जयशंकर ने इस दौरान कहा कि केंद्र सरकार लोगों के हितों, परंपराओं, रीति-रिवाजों और सीमा पार रिश्तों के प्रति बहुत संवेदनशील है। भारत-म्यांमार सीमा पर बाड़ लगाने और मुक्त आवाजाही व्यवस्था खत्म करने के बारे में उन्होंने कहा कि फिलहाल यह महत्वपूर्ण है कि हम सावधानी बरतें। हम चाहते हैं कि लोग समझें कि यह आज की स्थिति की प्रतिक्रिया है।

## मैं झूठ की राजनीति नहीं कर सकता

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार में मंत्री पद छोड़ने वाले राजकुमार आनंद ने आप पर फिर से जुबानी हमला बोला है। उन्होंने कहा है कि मैं किसी के दबाव में नहीं हूं और न ही मैं कहीं कोई पार्टी ज्वॉइन कर रहा हूं, लेकिन मैं झूठ और मक्कारी के साथ नहीं रह सकता हूं। एक दिन पहले आम आदमी पार्टी से त्यागपत्र दे चुके राजकुमार आनंद ने गुरुवार को कहा कि वह ईडी से डरकर सरकार से बाहर नहीं आए हैं। ये झूठ की राजनीति, यह मक्कारी की राजनीति अगर मैं करता रहता तो वहीं होता जहां पर मैं था।

## जरूरी खबर

### बिजली का करंट लगने से 13 बच्चे घायल

**कुरनूल।** आंध्र प्रदेश के कुरनूल जिले के चिन्ना तेकुर गांव में उगादि उत्सव समारोह के दौरान बिजली का झटका लगने से 13 बच्चे घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। यह घटना गुरुवार को तब हुई जब अंजनेय स्वामी मंदिर से प्रभा रथ जुलूस निकल रहा था। रिपोर्ट्स के मुताबिक, रथ बिजली के तारों के संपर्क में आ गया, जिससे पास खड़े लोगों को चोटें आईं। पुलिस ने कहा कि घायल बच्चों को चिकित्सा के लिए कुरनूल अस्पताल ले जाने के लिए त्वरित कार्रवाई की गई। इस हादसे को लेकर कुरनूल ग्रामीण पुलिस स्टेशन के सर्कल इंस्पेक्टर किरणकुमार रेड्डी ने पुष्टि की कि आज सुबह उगादि उत्सव समारोह के समापन के बाद 13 बच्चे बिजली के झटके से घायल हो गए। उन्होंने कहा कि सभी चोटें दस प्रतिशत से कम गंभीरता की बताई गई हैं, कोई मृत्यु दर्ज नहीं की गई है।

### पप्पू यादव के आवास पर पुलिस की छापेमारी



**पटना।** पूर्णिया के निर्दलीय प्रत्याशी पप्पू यादव के आवास पर गुरुवार शाम पुलिस अचानक छापा मारा। सदर डीएसपी पुष्कर के नेतृत्व में पहुंची पुलिस टीम ने पप्पू यादव के वाहनों के कागजात के बारे में पूछताछ की। सदर डीएसपी ने बताया कि यह रेड वाहनों के कागजातों की जांच के लिए की गई है। पूर्णिया पुलिस की टीम लगभग एक घंटे से पप्पू यादव के घर पूछताछ और तहकीकात कर रही। छापेमारी की खबर सुनते ही चुनाव-प्रचार के लिए क्षेत्र में निकले पप्पू यादव तुरंत मौके पर पहुंचे। पप्पू यादव पुलिस टीम के साथ पूरी तरह सहयोग करते देखे गए।

### जेईई एडवांस्ड पंजीकरण की तिथि बदली

**नई दिल्ली।** जेईई एडवांस 2024 के लिए रजिस्ट्रेशन शुरू होने का इंतजार कर रहे जेईई मेन अभ्यर्थियों के लिए एक अपडेट है। आईआईटी मद्रास ने जेईई एडवांस के लिए रजिस्ट्रेश शेड्यूल में संशोधन कर दिया है। जेईई एडवांस के लिए अब रजिस्ट्रेशन 27 अप्रैल से शुरू होकर 7 मई तक होगा। इससे पहले रजिस्ट्रेशन 21 अप्रैल से 30 अप्रैल तक होना था। लेकिन किसी कारण से आईआईटी मद्रास ने रजिस्ट्रेशन कार्यक्रम में परिवर्तन कर दिया है। जेईई एडवांस के लिए रजिस्ट्रेशन ऑफिशियल वेबसाइट पर जाकर किया जा सकेगा।

## देशभर में धूमधाम से मनाई गई ईद...



*नई दिल्ली। देशभर में गुरुवार को ईद उल फितर का त्योहार हर्षोल्लास से मनाया गया। राजधानी दिल्ली में मुस्लिम समाज के लोगों ने जामा मस्जिद और ईदगाह में ईद की नमाज अदा कर अमन-चैन की दुआ मांगी और फिर एकदूसरे को गले लगाकर बधाई दी। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने सभी देशवासियों को ईद की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट कर कहा, "मैं सभी देशवासियों, विशेष रूप से मुस्लिम भाइयों और बहनों को ईद-उल-फ़ित्र की मुबारकबाद देती हूं। रमजान के पावन महीने के बाद मनाए जाने वाले इस पर्व से एकता, सद्भाव और भाईचारे की भावना का संचार होता है। वहीं प्रधानमंत्री ने भी देशवासियों को बधाई दी।*

## केजरीवाल की याचिका पर 15 को सुनवाई



**नई दिल्ली।** आबकारी घोटाले में जेल में बंद मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट सोमवार को सुनवाई कर सकता है। केजरीवाल ने मनी लांड्रिंग मामले में ईडी की गिरफ्तारी को वैध ठहराने वाले दिल्ली हाई कोर्ट के आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है। वेबसाइट पर केजरीवाल की याचिका का स्टेटस देखने पर कंप्यूटर में मामले पर सुनवाई की संभावित तिथि 15 अप्रैल यानी आगामी सोमवार की दिख रही है। ऐसे में संभावना है कि मामले पर सोमवार को सुनवाई हो। हालांकि, सुप्रीम कोर्ट बुधवार के बाद से चार दिन के लिए बंद है और यह सोमवार को ही खुलेगा। अभी तक सोमवार की सुप्रीम कोर्ट की लिस्ट नहीं आई है।

### नेशनल हेराल्ड केस में कांग्रेस को न्यायालय ने दिया झटका

# ईडी ने कुर्क की थी 752 करोड़ प्रॉपर्टी, कोर्ट ने सही ठहराया

■ कोर्ट ने कहा- संपत्ति और इक्विटी शेयर अपराध की कमाई

**एजेंसी** | नई दिल्ली

नेशनल हेराल्ड केस में कांग्रेस को बड़ा झडका लगा है। मनी लांड्रिंग मामले में पीएमएलए अदालत ने व्यापक सुनवाई के बाद नेशलन हेराल्ड अखबार को संचालित करने वाली कंपनी एसोसिएटेड जर्नल लिमिटेड और यंग इंडिया के खिलाफ ईडी की कार्रवाई को सही ठहराया है।

दरअसल, ईडी द्वारा एजेएल और यंग इंडिया की 752 करोड़ की संपत्ति को कुर्क करने का आदेश जारी किया था, जिसे अब निर्णायक प्राधिकरण ने सही ठहराते हुए बरकरार रखा है। बता दें कि इस मामले में कांग्रेस नेता सोनिया गांधी और राहुल गांधी तक से पूछताछ हो चुकी है। यंग इंडिया में राहुल और सोनिया गांधी के 76 फीसदी हिस्सेदारी थी। कोर्ट ने अपने आदेश में कहा कि उसका मानना है कि ईडी द्वारा कुर्क की गई संपत्ति और इक्विटी शेयर अपराध की कमाई हैं और मनी लांड्रिंग के अपराध से जुड़ी है। केंद्रीय एजेंसी ने पिछले साल नवंबर में एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड (एजेएल) और यंग इंडियन के खिलाफ मनी लांड्रिंग के तहत एक कुर्की आदेश जारी करके इन संपत्तियों को कुर्क किया था।

नेशनल हेराल्ड एजेएल द्वारा प्रकाशित किया जाता है और इसका स्वामित्व यंग इंडियन प्राइवेट लिमिटेड के पास है। कांग्रेस नेता सोनिया गांधी और राहुल गांधी यंग इंडियन के बड़े शेयरधारक हैं और उनमें से प्रत्येक के पास 38 प्रतिशत शेयर हैं।



#### सोनिया और राहुल गांधी से जुड़े सीधे तार

गौरतलब है कि ईडी ने पिछले साल नवंबर में एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड (एजेएल) और यंग इंडियन (वाईआई) के खिलाफ धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत अनंतिम कुर्की आदेश जारी करके इन संपत्तियों को कुर्क किया था। 'नेशनल हेराल्ड' एजेएल द्वारा प्रकाशित किया जाता है और इसका स्वामित्व यंग इंडियन प्राइवेट लिमिटेड के पास है। कांग्रेस नेता सोनिया गांधी और राहुल गांधी यंग इंडियन के बहुसंख्यक शेयरधारक हैं और उनमें से प्रत्येक के पास 38 प्रतिशत शेयर हैं।

#### कोर्ट ने बताई अपराध से अर्जित कमाई

इसको लेकर ईडी ने बताया था कि जब्त की गई संपत्ति में एजेएल की दिल्ली, मुंबई और लखनऊ सहित कई जगहों की प्रॉपर्टी है। इस मामले में ईडी ने सोनिया गांधी, राहुल गांधी समेत कई अन्य लोगों से पूछताछ की थी। अब इस मामले में पीएमएलए निर्णायक प्राधिकरण ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा धन शोधन मामले में कांग्रेस से जुड़े 'नेशनल हेराल्ड' अखबार और उससे संबद्ध कंपनियों की लगभग 752 करोड़ रुपये की संपत्ति की कुर्की के आदेश को बुधवार को बरकरार रखा। प्राधिकरण ने अपने आदेश में कहा कि उसका मानना है कि ईडी द्वारा कुर्क की गई चल संपत्ति और इक्विटी शेयर अपराध से अर्जित कमाई हैं और धन शोधन के अपराध से संबंधित हैं।

### चुनावी बॉन्ड मामला

## RTI के तहत जानकारी देने से किया इनकार



■ SBI ने चुनाव आयोग से कहा- यह व्यक्तिगत जानकारी

**एजेंसी** | नई दिल्ली

भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने सूचना के अधिकार (आरटीआई) कानून के तहत चुनाव आयोग को दिए गए चुनावी बॉन्ड का ब्योरा देने से इनकार करते हुए दावा किया है कि यह व्यक्तिगत जानकारी है जिसे किसी जिम्मेदार हैसियत से रखा गया है।

एसबीआई ने यह भी कहा कि इसके बावजूद चुनाव आयोग की वेबसाइट पर पब्लिक डोमेन मौजूद हैं। चुनावी बॉन्ड योजना को असंवैधानिक और स्पष्ट रूप से मनमाना बताते हुए, सुप्रीम कोर्ट ने 15 फरवरी को एसबीआई को निर्देश दिया कि वह 12 अप्रैल, 2019 से खरीदे गए बॉन्ड का पूरा विवरण चुनाव आयोग को प्रस्तुत करे, आयोग से कहा गया था कि वह 13 मार्च तक अपनी वेबसाइट पर सूचना प्रकाशित करे। 11 मार्च को, अदालत ने समय सीमा के विस्तार की मांग करने वाली एसबीआई की याचिका को खारिज कर दिया।

#### बैंक ने किया इनकार

केंद्रीय लोक सूचना अधिकारी तथा एसबीआई के उप महाप्रबंधक द्वारा बुधवार को दिए जवाब में कहा गया, आपके द्वारा मांगी गई सूचना में खरीदारों और राजनीतिक पार्टियों से जुड़ी जानकारी मांगी गई है और इसलिए इसका खुलासा नहीं किया जा सकता क्योंकि यह जानकारी एक जिम्मेदारी के तहत सार्वजनिक नहीं की जा सकती।

### मिजोरम पुलिस की बड़ी कार्रवाई

## 6 करोड़ की शराब व ड्रग्स जब्त

**एजेंसी** | आइजोल

आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए पूरे देश में आचार सहिंता लागू हो गई है। इस बीच मिजोरम पुलिस ने बड़ी कार्रवाई कर लगभग 6 करोड़ रुपए से अधिक की नशीली दवाएं और अवैध शराब जब्त की।

दरअसल, मिजरोम पुलिस ने राज्यभर में अवैध शराब और नशीली दवाओं के खिलाफ बड़े पैमाने पर अभियान चलाया था। इस मामले में 94 लोगों को गिरफ्तार भी किया गया है। इस सिलसिले में मिजोरम पुलिस के सीपीआरओ नेहचुंगनुंगा ने एक प्रेस बयान में कहा कि मिजोरम पुलिस हर समय अवैध शराब और नशीली दवाओं के खिलाफ अभियान चलाती आ रही है। उन्होंने कहा कि 16 मार्च 2024 को लोकसभा चुनाव की घोषणा के बाद से स्थानीय निर्मित शराब (एलएमएल), बाहर से मिजोरम में तस्करी की जा रही अवैध शराब और ड्रग्स की जब्ती की गई है, जो राज्य में शराब और ड्रग्स की उच्च मांग को दर्शाता है।



मिजोरम पुलिस द्वारा शुरू किए गए राज्यव्यापी अभियान के हिस्से के रूप में, रुपए मूल्य की 4773 लीटर से अधिक स्थानीय निर्मित शराब (एलएमएल) जब्त की गई।

### शराब घोटाला मामले में के.कविता की बढ़ी मुश्किलें

## CBI ने पूछताछ के बाद किया अरेस्ट

**एजेंसी** | नई दिल्ली

केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने दिल्ली आबकारी नीति घोटाले से जुड़े भ्रष्टाचार के एक मामले में भारत राष्ट्र समिति (BRS) की नेता के. कविता को गुरुवार को गिरफ्तार कर लिया। अधिकारियों ने बताया कि तेलंगाना के पूर्व मुख्यमंत्री के.चंद्रशेखर राव की बेटी कविता प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा गिरफ्तार किए जाने के बाद से तिहाड़ जेल में हैं। सीबीआई ने उन्हें वहीं गिरफ्तार किया। मंगलवार को कविता से तिहाड़ जेल में सीबीआई ने पूछताछ की थी।



जहां वह प्रवर्तन निदेशालय द्वारा गिरफ्तारी के बाद से बंद हैं। विशेष अदालत ने एजेंसी को सह-आरोपी बुची बाबू के फोन से बरामद 'व्हाट्सएप चैट' और एक भूमि सौदे से संबंधित दस्तावेजों पर पूछताछ करने की अनुमति दी थी, जिसके बाद आम आदमी पार्टी को शराब लॉबी के पक्ष में आबकारी नीति में बदलाव के लिए कथित तौर पर 100 करोड़ रुपए का भुगतान किया गया था।

#### क्या है आरोप?

कविता पर साउथ ग्रुप की प्रमुख सदस्य होने का आरोप लगाया गया है। साउथ ग्रुप ने कथित तौर पर राष्ट्रीय राजधानी में शराब लाइसेंस के एक बड़े हिस्से के बदले में दिल्ली में सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी को 100 करोड़ रुपए की रिश्वत दी थी। ईडी ने 15 मार्च को 46 वर्षीय कविता को हैदराबाद के बंजारा हिल्स स्थित उनके आवास से गिरफ्तार किया था।

### चुनावी ड्यूटी पर दूसरे प्रदेशों में भेजे जा रहे सुरक्षा बल

# मणिपुर में हो रहा सीआरपीएफ और बीएसएफ को हटाने का विरोध

**एजेंसी** | असम

मणिपुर के लोगों ने देश के दो बड़े "केंद्रीय अर्धसैनिक बल', सीआरपीएफ और बीएसएफ को ड्यूटी से हटाने का विरोध किया है। पिछले दो-तीन दिन के दौरान मणिपुर में कई जगहों पर ऐसे विरोध-प्रदर्शन देखने को मिले हैं, जहां स्थानीय लोगों ने केंद्रीय बलों की वापसी के खिलाफ धरना दिया है।

हिंसाग्रस्त इलाकों के लोगों का कहना है कि वे इन बलों को वापस नहीं जाने देंगे। इन्होंने वहां पर शांति स्थापना में अहम योगदान दिया है। अगर ये बल यहां से जाते हैं, तो वे दोबारा से असुरक्षित हो जाएंगे। दूसरी तरफ लोकसभा चुनाव में केंद्रीय सुरक्षा बलों की तैनाती की भारी मांग है। सुरक्षा बलों के अधिकारियों का चुनावी ड्यूटी के लिए जवानों की तय नफरी को पूरा करने में पसीना छूट रहा है। मणिपुर से हटाई जा रही केंद्रीय अर्धसैनिक बलों की 100 कंपनियों को पश्चिम बंगाल एवं दूसरे राज्यों में भेजा जाएगा। जानकारों का कहना है, मणिपुर से सीएपीएफ को हटाना, जोखिम भरा कदम साबित हो सकता है। अभी मणिपुर में शांति बहाल नहीं हुई है।



#### सीएपीएफ की 100 कंपनियों को लगाया

मणिपुर से लगभग 5,000 केंद्रीय बलों (सीएपीएफ) के जवानों को वहां से वापस बुलाने का आदेश जारी हुआ है। इस आदेश को दो केंद्रीय बल, सीआरपीएफ और बीएसएफ के अधिकारियों के साथ साझा किया गया है। सीएपीएफ की 100 कंपनियों को चुनावी ड्यूटी पर भेजा जा रहा है। पिछले साल तीन मई से मणिपुर में हिंसा का जो दौर शुरू हुआ था, वह अभी पूरी तरह से खत्म नहीं हुआ है। वहां पर दो समुदायों के बीच आज भी तनाव देखा जा रहा है। केंद्रीय बलों की तैनाती से वहां के लोगों में विश्वास पनपा था। वे खुद को सुरक्षित महसूस करने लगे थे। अब एकाएक मणिपुर से बीएसएफ और सीआरपीएफ की सौ कंपनियों को बाहर निकालने का आदेश जारी किया गया है।

#### बड़ी मात्रा में हथियार के साथ लाखों रुपए किए बरामद




असम राइफल्स ने मणिपुर पुलिस के साथ एक संयुक्त अभियान में एक संदिग्ध को 13,11,130 रुपए नकद, एक कार्बाइन मशीन गन, एक पिस्तौल, एक ग्रेनेड, एक शॉटगन और गोला-बारूद के साथ पकड़ा। पकड़े गए व्यक्ति को बरामदगी के साथ आगे की जांच के लिए उखरूल पुलिस स्टेशन को सौंप दिया गया है। असम राइफल्स की तरफ से इसकी जानकारी दी गई। असम राइफल्स ने अपने बयान में कहा कि पकड़े गए व्यक्ति को बरामदगी के साथ उखरुल पुलिस स्टेशन को सौंप दिया गया है। मामले की आगे की जांच जारी है। वहीं, अधिकारियों ने बताया कि इससे पहले, सुरक्षा बलों ने मणिपुर के बिष्णुपुर जिले में भारी हथियार और गोला-बारूद बरामद किया था। अधिकारियों के मुताबिक, मणिपुर पुलिस ने असम राइफल्स के साथ मिलकर रविवार को एक संयुक्त तलाशी अभियान चलाया और एक भूमिगत ठिकाने से एक 7.65 मिमी पिस्तौल, 10 ग्रेनेड, एक केनवुड रेडियो सेट और एक मेडिकल किट बरामद की।

### गणगौर और ईद के फेस्टिव सीजन का मिला दोनों मूवीज को लाभ

# अजय देवगन ने मार लिया 'मैदान' अक्षय कुमार साबित हुए 'बड़े मियां'

**बेधड़क.जयपुर।** जयपुराइट्स के लिए ईद और गणगौर का त्योहार फिल्मी सफर भी लेकर आया और मैदान के साथ बड़े मियां-छोटे मियां सिनेमा घरों में पहुंची। मैदान ने युवाओं के साथ इमोशनल इंडिया को आकर्षित किया और अजय देवगन की एक्टिंग एक बार फिर हर दिल को छू गई। वहीं मूवी की सिनेमेटोग्राफी भी खास रही, जिसने मैदान के मैदान को बखूबी दर्शाया तो कहानी रियल स्टोरी से लेने के कारण लोगों को पसंद आई। वहीं, बड़े मियां-छोटे मियां एक एक्शन मूवी के रूप सामने आई, जिसमें देश भक्ति को दर्शाया गया। अक्षय-टाइगर की जोड़ी लोगों को भा गई।







### कास्ट का जबरदस्त काम

मैदान में डायरेक्टर ने जबरदस्त काम किया और लड़कों से कराया है। अजय देवगन की एक्टिंग तो परफेक्ट है ही, लेकिन जिन लड़कों ने फुटबॉल टीम जोश दिखाया उनकी एक्टिंग भी अच्छी रही है, जिसे डायरेक्टर ने निखारा है। मैदान का सैकंड हाफ ही शानदार है, जिसमें मैच को मैदान में शूट करना खास रहा। इस दौरान इफेक्ट्स भी देखने को मिले।

### बायोपिक-रियल स्टोरी ने किया फिर प्रभावित

अजय देवगन की फिल्म मैदान फुटबॉल कोच सैयद अब्दुल रहीम पर बेस्ड हैं, जो गंभीर बीमारी से ग्रस्त होने के बाद भी अपनी टीम को जीत दिलाने में सफल होते हैं। सैयद अब्दुल रहीम ने भारत में फुटबॉल के खेल को ऊंचाई पर ले गए थे। चूंकि मैदान अब सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है, ऐसे में दर्शक सोशल मीडिया के जरिए अजय देवगन की फिल्म के बारे में बता रहे हैं।

### सोशल मीडिया पर दिए रिव्यू

बड़े मियां-छोटे मियां का फर्स्ट डे शो देखकर आए फैंस ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर रिव्यू दिए। उन्होंने बताया, कि फिल्म को फास्ट किया गया है और अक्षय-टाइगर का एक्शन अच्छा है। दोनों ही फिट दिखाई दिए हैं, जिससे उनके स्टंट रियल लगे।

## नाटक से किया जागरूक



**बेधड़क. जयपुर।** नाद सोसायटी के कलाकारों ने 'वैक्सीनेशन: जागरूकता का सफर' आधारित स्ट्रीट प्ले का मंचन किया। इस दौरान समाज को वैक्सीनेशन के महत्व के बारे में जागरूक करने का प्रयास किया गया, ताकि जच्चा और बच्चा को सही समय पर टीके लग सके और बीमारियों से बचा जा सके। स्ट्रीट प्ले में मनोज स्वामी, रेणु संध्या, जीवितेश शर्मा, सागर गढ़वाल और मनीष ने अभिनय किया। नुक्कड़ नाटक का सांगानेर, गुर्जर की थड़ी के अलावा अनेक स्थानों पर मंचन किया गया। मकसद था, समाज के विभिन्न वर्गों तक वैक्सीनेशन के महत्वपूर्ण संदेश पहुंच सके। इस अवसर पर नाद सोसायटी के कलाकारों ने कला-सांस्कृतिक पहल के माध्यम से समाज को वैक्सीनेशन के प्रति जागरूक करने का संकल्प लिया है। लोगों ने तालियों से कलाकारों का उत्साह बढ़ाया और उनकी ओर से दिए गए संदेशों को निभाने की बात की। कलाकारों ने भी लोगों से मिलकर उनको इस बारे में पूरी तरह से जागरुक करने की कोशिश की।

## ऑस्ट्रेलिया में छाएगा राजस्थान

**बेधड़क. जयपुर।** बेगम बतूल ऑस्ट्रेलिया के मेल बर्न में राजस्थान की संस्कृतिक को साकार करेंगी, क्योंकि राजस्थान कुटुंब ऑफ विक्टोरिया राजकोव की ओर से आयोजित गणगौर उत्सव में प्रस्तुति दी जाएगी। ऑस्ट्रेलिया के बाद बतूल का यूरोप की सबसे बड़ी होली का कार्यक्रम फ्रांस में होगा। पेरिस में लगभग 25000 से ज्यादा लोग फागुन धुनों पर साथ होंगे।

## इंटरनेशनल अवॉर्डी करेंगे गाइड




**बेधड़क. जयपुर।** अब जयपुर और प्रदेश में इंटरनेशनल अवॉर्ड विनिंग एक्सपर्ट लोगों को गाइड करेंगे, क्योंकि पहल के रूप में मेड इंडिया आर्किटेक्चरल एक्सपर्टीज के रूप में काम किया जाएगा। यह विचार जयपुर में मेड इंडिया प्लेटफॉर्म के संस्थापक ध्रुव राज सिंह और ओलिवा सार्टोगो ने रखे। सिंह ने मेड इंडिया के अवॉर्ड विजेता इंटरनेशनल पार्टनर चैप आर्किटेक्ट्स के साथ संबंध पर बात की। नॉर्वेजियन आर्किटेक्ट और अवॉर्ड विजेता एर्लेंड ब्लैकस्टैड हैफनर ने कहा कि हम परिवर्तनकारी यात्रा शुरू करने जा रहे हैं। इस अवसर पर मेड इंडिया संस्थापक निदेशक दीपक गहलोत और शिविना कुमारी भी उपस्थित रहे।

## City इवेंट्स

### आचार्य सुनील सागर को श्रीफल भेंट



**बेधड़क. जयपुर।** श्री दिगंबर जैन मुनि संघ प्रबंध समिति पारसनाथ भवन चौड़ा रास्ता एवम सकल दिगंबर जैन समाज जयपुर के तत्वावधान में आचार्य सुनील सागर जी मुनिराज ससंघ को वर्ष 2024 के चातुर्मास के लिए सरवाड़ की पुण्य धरा पर गुरुवार को श्रीफल अर्पित किया। मुनि संघ प्रबंध समिति के मंत्री ओम प्रकाश काला मामाजी के अनुसार आचार्य सुनील सागर जी के पावन सानिध्य में सरवाड़ में चल रहे पंचकल्याण महोत्सव में मुनि संघ प्रबंध समिति के मुख्य पदाधिकारियों एवं जयपुर जैन समाज के प्रबुद्ध भक्त जनों द्वारा धर्म की प्रभावना की भावना के साथ आचार्य का अर्घ्य बोलते हुए भक्ति के साथ धर्म नगरी में इस वर्ष के चातुर्मास के लिए श्रीफल अर्पित कर निवेदन किया गया। इस समय जयपुर से जनकपुरी-ज्योतिनगर, टोंक रोड, प्रतापनगर, सांगानेर, सहित कई कॉलोनियों के सदस्य उपस्थित रहे । आचार्य ने सभी को आशीर्वाद प्रदान किया।

### महाराणा प्रताप का मंचन आज

**बेधड़क. जयपुर।** रविंद्र मंच के 60 वर्ष पूर्ण होने पर हीरक जयंती महोत्सव में कला व संस्कृति विभाग तथा रवींद्र मंच की ओर से टैगोर थिएटर योजना में सामाजिक नाटक महाराणा प्रताप का मंचन शुक्रवार को किया जाएगा। नाटक के लेखक हरि शर्मा हरीश हैं तो निर्देशन महेंद्र शर्मा ने किया है। नाटक में ऐसे वीर योद्धा की जीवनी का वर्णन किया जाएगा, जो आज की युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणादायक है। अपार कष्ट झेलते हुए भी विपरीत परिस्थितियों में हार नहीं मानना व विशाल चुनौतियों का धैर्यपूर्वक सामना करना और सीमित संसाधनों का समुचित उपयोग को दर्शाता नाटक खास होगा। मैनेजर रवींद्र मंच सोविला ने बताया कि नाटक मिनी थिएटर में किया जाएगा, जिसमें दर्शकों का प्रवेश नि:शुल्क रहेगा।

### ज्योतिराव फुले की मनाई जयंती

**बेधड़क. जयपुर।** सामाजिक क्रांति के अग्रदूत महात्मा ज्योतिराव फुले जयंती जयपुराइट्स ने मनाई। समाज सुधारक, लेखक, मजदूरों और महिलाओं सहित लोगों के लिए समानता के पक्षधर रहे फुले के चित्र पर माला पहनाई गई और युवाओं ने चित्र के सामने खड़े होकर उनको नमन किया।

### युवतियों ने किया सामूहिक पूजन

## न्यू जनरेशन ने बड़ों से जाना गणगौर और पर्व का महत्व

**बेधड़क** | जयपुर



लोकपर्व गणगौर गुरुवार को श्रद्धा और विश्वास के साथ मनाई गई। सुहागिनों और युवतियों ने श्रृंगार कर पार्वती स्वरूपा गणगौर और शिव स्वरूप ईसर का पूजन किया। सुहागिन महिलाओं ने पति की दीर्घायु, सुख-सौभाग्य और युवतियों ने मनचाहे वर की कामना के साथ ईसर-गणगौर की पूजा की।

गौर-गौर गणपति, ईसर पूजै पार्वती... की स्वर लहरियों के बीच महिलाओं ने सामूहिक रूप से गणगौर का पूजन किया। इससे पहले महिलाएं सिर पर मंगल कलश धारण कर गीत गाती हुई दूब और जल लेकर आईं। गणगौर को जल से स्नान कराकर दूब, रोली, मोली, हल्दी, काजल सहित अन्य सामग्री अर्पित की। माता को घेवर और गुणा का भोग लगाया।

विवाहिताओं ने गणगौर का उद्यापन किया। सोलह सुहागन स्त्रियों को सोलह श्रृंगार की वस्तुएं देकर भोजन कराया गया। नवविवाहिताओं में गणगौर पूजन के लिए खास उत्साह दिखा। गणगौर माता को गीतों के साथ जल स्त्रोत में विसर्जन किया गया। कॉलोनियों के कुएं, बावड़ियों सहित आमेर के मावठे, जलमहल अन्य जलाशयों में विसर्जन किया गया। ऐसे में न्यू जनरेशन ने भी इस त्योहार का महत्व बड़ों से जाना और युवतियों ने भी पूजन कर एंजॉय करते हुए अनूठे त्योहर गणगौर को करीब से जाना। साथ ही दूसरे शहरों से जयपुर आए लोगों ने भी गणगौण को एंजॉय करते हुए इसके बारे में जाना।

### धार्मिक एवं सामाजिक सेवा पखवाड़ा

## पार्क में बांधे परिंडे जरूरतमंद लोगों को करवाया भोजन



**बेधड़क** | जयपुर

धार्मिक व सामाजिक सेवा पखवाड़े में जैन युवा महासभा के प्रताप नगर जोन ने केशव पार्क (बड़ा पार्क) में जीव दया कार्यक्रम के तहत पंछियों के लिए परिंडे लगाए। साथ ही परिंडों में पानी भरा गया।

इस मौके पर राजस्थान जैन युवा महासभा प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप जैन, सांगानेर संभाग अध्यक्ष चेतन जैन निमोड़िया, संभाग महामंत्री महावीर सुरेन्द्र जैन, प्रताप नगर जोन अध्यक्ष पारस जैन, महामंत्री त्रिलोक चंद जैन, कोषाध्यक्ष अनमोल सेठी, सांगानेर जोन अध्यक्ष सुरेंद्र जैन, महामंत्री आशीष पाटनी, संयुक्त मंत्री मनीष पाटनी, राजेन्द्र सौगाणी, अरविंद जैन, शुभम गंगवाल, रोनक सेठी आदि उपस्थित थे। टोंक रोड-मानसरोवर संभाग के अधीनस्थ दुर्गापुरा जोन द्वारा त्रिवेणी नगर पुलिया के नीचे (बजरी मंडी) पर जरूरतमंद लोगों को निः शुल्क भोजन कराया गया। शुक्रवार को विद्याधर नगर जोन द्वारा मुरलीपुरा स्थित श्री दिगम्बर जैन मंदिर मुरलीपुरा में आदिनाथ से महावीर धार्मिक नृत्य नाटिका की प्रस्तुति दी जाएगी। शनिवार को झोटवाड़ा संभाग के अधीनस्थ विद्याधर नगर जोन द्वारा वी के आई इंडस्ट्रीयल भवन रोड नम्बर 1 पर निःशुल्क चिकित्सा व रक्तदान शिविर लगाया जाएगा। इसी दिन दोपहर में 2 बजे से चांदपोल जोन द्वारा गणगौरी बाजार स्थित नेत्रहीन विद्यालय में नेत्रहीन बालक कल्याण कार्यक्रम व विभिन्न प्रतियोगिताएं होंगी तथा आवश्यक सामग्री का वितरण किया जाएगा।

**बॉलीवुड अपडेट** | एआर मुरुगदास के संग सलमान की मूवी अनाउंस

# 'सुल्तान' बनेंगे 'सिकंदर', अगली ईद पर मिलने का वादा

**बेधड़क** | जयपुर

सलमान खान की इस ईद सिनेमाघरों में कोई फिल्म नहीं पहुंची, लेकिन उन्होंने अपने फैंस को निराश नहीं किया। उन्होंने अगली ईद पर मिलने का वादा करते हुए नई मूवी का अनाउंस करके अपने फैंस को ईदी दी है। यह मूवी वो गजिनी फेम साउथ के फेमस निर्देशक एआर मुरुगदास के साथ करने जा रहे हैं, जिसे साजिद नाडियावाला प्रस्तुत कर रहे हैं। गुरुवार को सलमान ने मुवी का टाइटल पोस्टर अनवील किया। मूवी का नाम सिकंदर है, यानी कि सुल्तान के बाद सलमान खान अब सिकंदर बनने जा रहे हैं। फिल्म का नाम अनाउंस होने के बाद से सलमान के फैंस में जोरदार उत्साह बना हुआ है।



### कई दिनों से अपकमिंग मूवी का बन रहा बज

सलमान खान की अपकमिंग मूवी का कई दिनों से बज बना हुआ था। फैंस में इस बात को लेकर बड़ी उत्सुकता थी कि भाई अब कौनसी नई मूवी लेकर आ रहे हैं। टाइगर 3 के बाद सलमान की कोई मूवी नहीं आई थी, ऐसे में फैंस निराश हो रहे थे। हर ईद पर उनकी कोई न कोई मूवी रिलीज होती है तो ऐसे में इस ईद भी उनकी मूवी का इंतजार था। ऐसे में सलमान ने जैसे ही सिकंदर अनाउंस की, फैंस में खुशी की लहर दौड़ गई।

### मुरुगदास के साथ दूसरी बार

सलमान खान सिकंदर के निर्देशक एआर मुरुगदास के साथ पहली बार काम नहीं कर रहे हैं। एक बार पहले भी ये दोनों साथ में मूवी कर चुके हैं। हां यह जरूर है कि निर्देशक के रूप में मुरुगदास के साथ सलमान की यह पहली मूवी है। आपको याद होगा सलमान खान की एक फिल्म आई थी जय हो। यह साउथ की फिल्म की रीमेक थी। साउथ वाली को एआर मुरुगदास ने डायरेक्ट किया था, लेकिन जय हो से वे राइटर के रूप में जुड़े रहे थे। इस तरह से दोनों जय हो में एक साथ काम कर चुके हैं।

### इस ईद मैदान और BMCM देखो

सलमान खान सिकंदर का अनाउंस करते हुए अपने फैंस के लिए मैसेज भी लिखा है। इसमें उन्होंने अजय और अक्षय कुमार-टाइगर श्राफ की मूवी को भी सपोर्ट किया है। उन्होंने लिखा है कि 'इस ईद 'बड़े मियां छोटे मियां' और 'मैदान' को देखो और अगली ईद सिकंदर से आ कर मिलो... आप सभी को ईद मुबारक!'





### सबसे बड़े बैंक को 11 साल तक लूटा, कोर्ट में पेश हुए 6 टन सबूत

# वियतनाम की अरबपति कारोबारी को मौत की सजा

**एजेंसी** | हनोई

वियतनाम की अदालत ने धोखाधड़ी के सबसे बड़े मामलों में से एक में अरबपति महिला कारोबारी को मौत की सजा सुनाई गई है। 67 वर्षीय ट्रुंग माई लैन को 11 साल तक देश के सबसे बड़े बैंकों में से एक साइगॉन कमर्शियल बैंक को लूटने का दोषी पाया गया। 11 अप्रैल को हो ची मिन्ह की कोर्ट में तीन चुने हुए जूरी सदस्यों और दो न्यायाधीशों के पैनल ने लैन को मौत की सजा का फैसला सुनाया। ये फैसला अपने आप में दुर्लभ है। वे वियतनाम की उन सबसे कम महिलाओं में से एक हैं, जिन्हें व्हाइट कॉलर अपराध के लिए मौत की सजा सुनाई गई है।

इस मामले को दुनिया के सबसे बड़े धोखाधड़ी मामलों में एक गिना जा रहा है। अभियोजन के मुताबिक, ट्रुंग माई लैन ने साइगॉन कमर्शियल बैंक से 44 अरब डॉलर का लोन लिया था। उन्हें 27 अरब डॉलर अभी भी लौटाने हैं। अभियोजकों ने कहा कि उनसे यह राशि कभी भी वसूल नहीं की जा सकेगी। इस मामले की सुनवाई के दौरान 2700 लोगों को गवाही देने के लिए बुलाया गया था। ये मामला इतना बड़ा था कि इसमें 10 अभियोजक और लगभग 200 वकीलों ने हिस्सा लिया।



### 12.5 अरब डॉलर की धोखाधड़ी

रियल एस्टेट कंपनी 'वान थिन्ह फैट' की 67 वर्षीय चेयरमैन ट्रुंग माई लैन पर 12.5 अरब डॉलर की धोखाधड़ी का आरोप लगाया गया था। यह देश की 2022 की जीडीपी का लगभग तीन फीसदी है। लैन ने 2012 से 2022 के बीच 'साइगॉन ज्वाइंट स्टॉक कमर्शियल बैंक' पर अवैध रूप से नियंत्रण किया ताकि हजारों मुखौटा कंपनियों की आड़ में पैसों का गबन किया जा सके। लैन पर इसके लिए सरकारी अधिकारियों को रिश्वत देने का भी आरोप है। लैन को अक्टूबर 2022 में गिरफ्तार किया गया था।

### 104 बक्सों में पेश किए गए सबूत

रिपोर्ट के अनुसार, लैन के साथ 85 प्रतिवादियों पर केस चलाया गया था, जिन्होंने आरोपों से इनकार किया। सुनवाई के दौरान 104 बक्सों में सबूत पेश किए गए, जिनका कुल वजन 6 टन था। वियतनाम पर नजर रखने वाले विश्लेषकों ने इसे कम्युनिस्ट शासन का सबसे बड़ा शो ट्रायल कहा है। ये केस वियतनाम पर शासन करने वाली कम्युनिस्ट पार्टी के जनरल सेक्रेटरी गुयेन फु ट्रोंग के नेतृत्व में चलाए गए भ्रष्टाचार विरोधी अभियान का सबसे महत्वपूर्ण अध्याय था।

### कौन हैं ट्रुंग माई लैन?

हो ची मिन्ह शहर में रहने वाली वियतनाम की बिजनेस टायकून ट्रुंग माई लै चीनी-वियतनामी पृष्ठभूमि वाले परिवार से आती हैं। लंबे समय से यह शहर वियतनाम की अर्थव्यवस्था का इंजन रहा है। लैन ने अपने करियर की शुरुआत में अपनी के साथ स्टॉल पर ब्यूटी प्रोडक्ट बेचा करती थीं। 1986 में कम्युनिस्ट पार्टी के द्वारा देश में शुरू किए गए आर्थिक सुधार के बाद उन्होंने जमीन और संपत्ति खरीदना शुरू किया। 90 के दशक तक उनके पास कई होटल और रेस्तरां हो गए थे।

### इजराइल-मोदी सरकार से हुआ समझौता, बेंजामिन नेतन्याहू भेजेंगे प्लेन

# जंग के बीच इजराइल जाएंगे 6000 भारतीय मजदूर

**एजेंसी** | तेल अवीव

इजराइल और हमास के बीच 7 महीने से जारी है। इस बीच 6 हजार भारतीय अप्रैल-मई में इजराइल जाएंगे। इजरायली सरकार ने घोषणा की कि इजरायल-हमास संघर्ष के कारण श्रमिकों की कमी हो गई है। इस किल्लत को दूर करने के लिए 6 हजार से अधिक भारतीय श्रमिकों को अप्रैल और मई के बीच इजरायल लाया जाएगा। ये मजदूर निर्माण संबंधी काम में मदद करेंगे। इजराइली सरकार ने कहा कि वित्त मंत्रालय, निर्माण और आवास मंत्रालय द्वारा चार्टर्ड उड़ानों पर सब्सिडी देने के संयुक्त निर्णय के बाद श्रमिकों को एयर शटल के माध्यम से ले जाया जाएगा। मजदूरों को इजराइल ले जाने के लिए दोनों देशों के बीच समझौता हुआ है।



### भारत-चीन और श्रीलंका से पहुंच रहे हैं श्रमिक

समझौते के तहत भारत से 64 निर्माण श्रमिक इजराइल पहुंचे। अगले कुछ हफ्तों में अप्रैल के मध्य तक कुल 850 और श्रमिकों के आने की उम्मीद है। हाल के महीनों में 900 से अधिक निर्माण श्रमिक पहले ही बी2बी मार्ग के माध्यम से भारत से इजराइल में प्रवेश कर चुके हैं। भारत और श्रीलंका के श्रमिकों के अलावा, लगभग 7,000 चीन से और लगभग 6,000 श्रमिक पूर्वी यूरोप से आए हैं। बयान में कहा गया है कि यह कम समय में निर्माण क्षेत्र के लिए इजराइल पहुंचने वाले विदेशी श्रमिकों की सबसे बड़ी संख्या है।

### इजराइल में हुई श्रमिकों की भारी कमी

पिछले साल 7 अक्टूबर को हमास ने इजराइल पर हमला कर दिया था। इसके बाद इजराइल ने भी पलटवार किया। हवाई हमले के बाद ग्राउंड ऑपरेशन कर इजराइल ने गाजा को बर्बाद कर दिया है। यह युद्ध कब तक चलेगा, इस पर अभी कुछ कहना जल्दबाजी होगी। ऐसे में इजराइल को विदेशी श्रमिकों की भारी कमी का सामना करना पड़ रहा है। इन श्रमिकों में से अधिकांश लगभग 80,000 मूल रूप से फिलिस्तीनी प्राधिकरण-नियंत्रित वेस्ट बैंक से थे। 17,000 मजदूर गाजा पट्टी से आए थे। अक्टूबर में जंग छिड़ने के बाद अधिकांश के वर्क परमिट रद्द कर दिए गए। इससे देश में श्रमिकों की कमी बढ़ गई।

### विदेशी कामगारों के लिए नियमों में दी ढील

सरकार ने इजराइल में विदेशी श्रमिकों की आमद में पर्याप्त वृद्धि की सुविधा के लिए नियमों में ढील दी है। इसमें कहा गया है कि इसका उद्देश्य जीवन यापन की लागत को कम करना, नौकरशाही प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित करना, सरकार और व्यापार क्षेत्र के बीच संघर्ष को कम करना, विदेशी श्रमिकों के रोजगार की निगरानी और निगरानी बढ़ाना और उनके अधिकारों की रक्षा करना है।

### ईरान ने हमला किया तो हम बनेंगे इजराइल का कवच: बाइडेन

**वाशिंगटन।** ईरान के हमले की धमकी के बीच अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन ने इजराइल की रक्षा का वादा किया है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा कि अगर ईरान हमला करता है तो अमेरिका इजराइल की सुरक्षा के लिए सब कुछ करेगा। अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा कि हम इजराइल के लिए कवच बनेंगे। बाइडन का बयान ऐसे समय में आया है, जब एक दिन पहले ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई ने सीरिया में वाणिज्य दूतावास पर हमले का बदला लेने की कसम खाई थी। दमिश्क में हुए हवाई हमले में ईरान के टॉप जनरल समेत समेत 7 वरिष्ठ सैन्य अधिकारी मारे गए थे।

### रियाद देगा 5 अरब डॉलर

# पाक के लिए सऊदी ने खोला खजाना

**एजेंसी** | रियाद

सऊदी अरब और पाकिस्तान ने एक बड़ा समझौता किया है। स्टेट बैंक ऑफ पाकिस्तान में सऊदी जमा को 2 अरब डॉलर तक बढ़ाने से जुड़ा समझौता किया गया है। अब इसे बढ़ाकर पांच अरब डॉलर कर दिया गया है। सऊदी अरब होल्डिंग कंपनी के सीईओ मोहम्मद अलकहतानी ने एक सोशल मीडिया पोस्ट शेयर करते हुए कहा कि पीएम शहबाज शरीफ की सऊदी अरब यात्रा और क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान के साथ उनकी बैठक के बाद, दोनों देश 5 अरब डॉलर के विशाल प्लान को बढ़ाने पर सहमत हुए। पाकिस्तानी पीएम शहबाज सऊदी से आर्थिक मदद मांगने के लिए पहुंचे थे। मक्का में शहबाज और एमबीएस के बीच यह समझौता हुआ। बैठक के अंत में इस्लामाबाद और रियाद से एक साथ संयुक्त बयान जारी किया गया। इसके मुताबिक दोनों नेताओं ने पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था में सऊदी की भूमिका और व्यापार और निवेश संबंधों को बढ़ाने पर चर्चा की। इसमें कहा गया कि दोनों पक्षों ने 5 अरब डॉलर के निवेश पैकेज की पहली लहर में तेजी लाने की अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की, जिस पर पहले चर्चा की गई थी।



### रिफाइनरी और तांबे में करेगा निवेश

अलकहतानी ने बताया कि समझौतों में नई तेल रिफाइनरी और तांबे की खदानों में निवेश शामिल है। ये कदम पहले हुए व्यापक समझौते का हिस्सा हैं, जहां सऊदी पाकिस्तान में 21 अरब डॉलर का निवेश करने के लिए बातचीत कर रहा था। उन्होंने कहा कि इसमें 14 अरब डॉलर की लागत से एक तेल रिफाइनरी और 7 अरब डॉलर की लागत से एक तांबे के खदान की स्थापना शामिल है। पिछले साल सऊदी ने विशेष निवेश सुविधा परिषद के तहत अगले पांच वर्षों में पाकिस्तान में 25 अरब डॉलर के निवेश का वादा किया था।

### कश्मीर पर भारत के साथ आया सऊदी

सऊदी ने कश्मीर मुद्दे पर भारत का बयान दोहराया है। शहबाज ने इसी यात्रा के दौरान संयुक्त बयान में कहा कि दोनों देशों को अपने मुद्दे द्विपक्षीय तरीके से हल करने चाहिए। बयान में कहा गया कि दोनों पक्षों ने क्षेत्र में शांति और स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए भारत और पाकिस्तान के बीच बातचीत के महत्व पर जोर दिया। लंबे समय से कश्मीर पर भारत की यह स्थिति रही है कि यह दोनों देशों का एक द्विपक्षीय मामला है। किसी तीसरे पक्ष की मध्यस्थता का कोई सवाल नहीं है।

### नासा के ऑर्बिटर ने खींची यान की तस्वीर

# चांद के चक्कर लगा रहे एलियन?

**एजेंसी** | वाशिंगटन

अमेरिकी स्पेस एजेंसी नासा के एक ऑर्बिटर ने चांद के पास से तेजी से गुजरती एक चीज की तस्वीर खींची है। ये रहस्यमयी चीज तेजी से चांद का चक्कर लगा रही थी। जब तक आर्बिटर इसके बारे में और आंकड़े जुटा पाता ये कैमरे से ओझल हो गई। ये चीज सर्फबोर्ड के आकार की थी। चांद के पास किसी दूसरे स्पेसशिप की मौजूदगी देखकर वैज्ञानिक हैरान रह गए। नासा के वैज्ञानिकों को आशंका हुई कि ये एलियन शिप या यूएफओ हो सकता है। नासा का लूनर रिकॉन्सेंस ऑर्बिटर चांद का चक्कर लगाते हुए उसका अध्ययन कर रहा है।

**नासा को चल गया संदिग्ध चीज का पता:** वैज्ञानिकों ने कहा कि एलआरओ के कैमरे का एक्सपोजर समय लगभग 0.338 मिलीसेकंड है, जिससे घटना को कैप्चर करना मुश्किल हो जाता है। हालांकि, उसके बावजूद भी यह यान की तस्वीर लेने में सफल रहा। बाद में नासा ने पाया कि जिस चीज की तस्वीर ली गई थी, यह कोई यूएफओ या एलियन शिप नहीं थी। नासा ने बताया कि यह दक्षिण कोरिया द्वारा भेजा गया ऑर्बिटर डेनुरी था, जो चंद्रमा का चक्कर लगा रहा था।




सृष्टिविनायक एंटरटेनमेंट मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक मिताली यादव द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 34/16-ए, शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, रेलवे क्रॉसिंग टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
**संपादक:** विनायक शर्मा*, **फोन नं. :** 9664014179 (ऑफिस), **ई-मेल:** news@sachbedhadak.com, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

दैनिक हिन्दी अख़बार
सच बेधड़क

"सच बेधड़क" दैनिक हिन्दी अख़बार की प्रति PDF के माध्यम से मुफ़्त प्राप्त करने के लिए इस लिंक पर Click कीजिए

Telegram

https://rb.gy/3bkrnl